www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–247 । सागर, शुक्रवार, 27 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

चावल की बोरियों में उड़ीसा से लाया जा रहा था गांजा — पृष्ठ 3

- राजस्थान में रवायत बदल जाएगी इस बार?
- मिजोरम के मुख्यमंत्री ने दिया भाजपा को जबरदस्त झटका — पृष्ठ 4

- केके श्रीवास्तव या राजेंद्र तिवारी 30 को दाखिल करेंगे नामांकन — पृष्ठ 6

जिले नामांकन के चौथे दिन 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किये — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### सौम्या विश्वनाथन हत्या मामले में सजा पर सुनवाई 7 को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को 2008 में टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए पांच व्यक्तियों के खिलाफ सजा की मात्रा पर बहस की सुनवाई 7 नवंबर के लिए तय की है। 18 अक्टूबर को, अदालत ने चार आरोपियों को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) प्रावधानों के तहत और एक को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने के लिए दोषी ठहराया था।

### बीएस येदियुरप्पा को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बी.एस. येदियुरप्पा को राज्य में कट्टरपंथी समूहों से उनके जीवन को 'खतरे' को देखते हुए जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। सूत्रों ने बताया कि येदियुरप्पा को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कुल 33 जेड श्रेणी के सुरक्षा कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। एक सूत्र ने कहा, उनके आवास पर 10 सशस्त्र गार्ड तैनात किए जाएंगे और तीन शिफ्टों में 12 सशस्त्र गश्ती कमांडो तैनात किए जाएंगे। दो व्यक्ति चौबीसों घंटे सुरक्षा की निगरानी करेंगे।

### रेड्डी नल्लू ने ली त्रिपुरा के राज्यपाल की शपथ

**अगरतला, एजेंसी।** तेलंगाना के पूर्व भाजपा नेता इंद्र सेना रेड्डी नल्लू ने गुरुवार को यहां राजभवन में एक समारोह में त्रिपुरा के 20वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। त्रिपुरा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह ने नए राज्यपाल को पद की शपथ दिलाई। उन्होंने सत्यदेव नारायण आर्य की जगह ली है। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री माणिक साहा, उनके कैबिनेट सहयोगी और वरिष्ठ नागरिक एवं सुरक्षा अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### मणिपुर में लूटे गए 6 अत्याधुनिक हथियार बरामद

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों में लूटे गए छह अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं और दो आतंकवादियों और दो हथियारबंद लोगों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि संयुक्त सुरक्षा बलों ने थौबल जिले में दो सेल्फ-लोडिंग राइफल, एक इंसास राइफल और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और भारी मात्रा में विस्फोटक सहित छह अत्याधुनिक हथियार बरामद किए। पुलिस ने उग्रवादी संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट के दो कट्टर कैडरों को भी गिरफ्तार किया और उनके पास से दो हथियारों के साथ कुछ गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

### सेना कमांडर ने सर्दियों की तैयारियों की समीक्षा की

**श्रीनगर, एजेंसी।** लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को सर्दियों के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा के लिए दक्षिण कश्मीर के कई इलाकों का दौरा किया। अधिकारियों ने कहा कि सेना के उधमपुर मुख्यालय के उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने घाटी स्थित चिनार कोर कमांडर के साथ शीतकालीन रणनीति की तैयारी की समीक्षा करने के लिए पुलवामा, कुलगाम और अनंतनाग जिलों में राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन का दौरा किया। अधिकारियों ने कहा, सेना कमांडर ने भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों से बातचीत की और उन्हें सम्मानित किया और भीतरी इलाकों में आतंकवाद विरोधी प्रयासों के लिए सभी एजेंसियों के साथ निरंतर तालमेल पर जोर दिया।

### कांग्रेस से माकपा में आये प्रशांत को पिनाराई सरकार में बड़ा पद

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** कांग्रेस छोड़कर सत्तारूढ़ माकपा में शामिल होने के तीन साल बाद पी.एस. प्रशांत को गुरुवार को त्रावणकोर देवासम बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रशांत एक अन्य माकपा नेता के. अनंतगोपन की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल शीघ्र ही समाप्त होने वाला है। विजयन के नेतृत्व में सत्तारूढ़ एलडीएफ के शीर्ष नेतृत्व ने प्रशांत को त्रावणकोर देवासम बोर्ड का नया अध्यक्ष बनाने का फैसला किया। त्रावणकोर देवासम बोर्ड एक प्रतिष्ठित मंदिर बोर्ड है जो प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर सहित दक्षिण केरल के जिलों में उसके सभी मंदिरों की देखरेख की जिम्मेदारी संभालता है। प्रशांत 2021 के विधानसभा चुनावों में राज्य के राजधानी जिले के नेदुमगाडु निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार थे।

सड़क हादसों में कई लोगों की जान गई

## कर्नाटक में 4 महिलाओं समेत 12, महाराष्ट्र में 10 की मौत



**बेंगलुरु/मुंबई, एजेंसी।** कर्नाटक और महाराष्ट्र में अलग-अलग हादसों में 22 लोगों की मौत हो गई। कर्नाटक के चिक्काबल्लापुर में राष्ट्रीय राजामर्ग 44 पर एक सड़क दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई है। यह दुर्घटना बेंगलुरु-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर एक कार, एक एसयूवी के एक खड़े ट्रक से टकरा जाने से हुई। बागेपल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि पीड़ित बागेपल्ली से चिक्काबल्लापुर की ओर यात्रा कर रहे थे, उसी दौरान यह हादसा हुआ।

इस हादसे में 12 पीड़ितों की मौके पर ही मौत हो गई, उनमें चार महिलाएं शामिल हैं। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है. चिक्काबल्लापुर के पुलिस अधीक्षक डीएल नागेश ने कहा दुर्घटना की जांच की जा रही है, लेकिन प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह घटना कोहरे के कारण हुई।

वहीं महाराष्ट्र के बीड जिले में गुरुवार सुबह 4 बजे मुंबई से आ रही एक बस सड़क से 150 फीट नीचे खाई में गिर गई. इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, बस में 40 से 50 यात्री सवार थे. बीड जिले में एक और दुर्घटना अहमदनगर रोड पर हुई. यहां एक एम्बुलेंस ने ट्रक को पीछे से टक्कर मारी है. एम्बुलेंस में 4 लोग सवार थे। यह हादसा बुधवार रात करीब 9.30 बजे हुआ।

राजस्थान में ईडी की ताबड़तोड़ कार्रवाई

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के घर छापेमारी



### मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे को हाजिर होने का समन

**जयपुर, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजस्थान में ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। ईडी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद डोटासरा के घर छापेमारी की है। वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव के खिलाफ समन जारी किया है। उन्हें यह समन विदेशी मुद्रा अधिनियम, 1999 की धारा 37(1) और (3) के अंतर्गत जारी किया गया है। मुख्यमंत्री गहलोत ने एक्स पर किए एक पोस्ट में प्रवर्तन निदेशाल के समन को लेकर जानकारी दी है। साथ ही इसी पोस्ट में उन्होंने ईडी की सिलसिलेवार कार्रवाई को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना भी साधा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए लिखा 'भाजपा नहीं चाहती कि राजस्थान में महिलाओं को, किसानों को, गरीबों को कांग्रेस द्वारा दी जा रही गारंटियों का लाभ मिल सके।'

मुख्यमंत्री ने गुरुवार की घटना पर चर्चा के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। छापेमारी की प्रतिक्रिया में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर कहा, सत्यमेव जयते। सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीम ने डोटासरा के सीकर को निजी आवास के साथ-साथ जयपुर के सिविल लाइंस स्थित उनके सरकारी आवास की भी तलाशी ली। कुल मिलाकर राज्य में 11 स्थानों पर छापेमारी की गई। सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब ईडी के अधिकारी पहुंचे, प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अपने सीकर आवास पर मौजूद थे, इसके बाद उनसे पूछताछ की गई। सूत्रों ने बताया कि डोटासरा के अलावा दौसा और जयपुर में निर्दलीय विधायक हुडला के ठिकानों की भी तलाशी ली गई। ईडी की टीम ने हुडला के आवास के अंदर बने कार्यालय में तलाशी ली।

भारतीय दूतावास को गिरफ्तारी की तुरंत नहीं दी गई थी जानकारी

## 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को कतर ने सुनाई फांसी की सजा

- भारत सरकार ने फैसले पर जताई हैरानी
- छुड़ाने के कानूनी रास्ते खोज रही सरकार
- एक साल से अलग-अलग जेलों में कैद
- आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया गया

**दोहा, एजेंसी।** कतर की एक अदालत ने भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों को मौत की सजा सुनाई है। ये एक साल से कतर की अलग-अलग जेलों में कैद हैं। भारत सरकार ने इस पर हैरानी जाहिर की है। उन्हें छुड़ाने के लिए कानूनी रास्ते खोजे जा रहे हैं। कतर सरकार ने 8 भारतीयों पर लगे आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया है। कतर में जिन 8 पूर्व नौसेना अफसरों को मौत की सजा दी गई है उनके नाम हैं- कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कैप्टेन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी, कमांडर सुग्नाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और सेलर रागेश। कतर की इंटेलिजेंस एजेंसी के स्टेट सिक्योरिटी ब्यूरो ने इंडियन नेवी के 8 पूर्व अफसरों को 30 अगस्त 2022 को गिरफ्तार किया। हालांकि भारतीय दूतावास को सितंबर के मध्य में पहली बार इनकी गिरफ्तारी के बारे में बताया गया। 30 सितंबर को इन भारतीयों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ थोड़ी देर के लिए टेलीफोन पर बात करने की अनुमति दी गई। पहली बार कॉन्सुलर एक्सेस 3 अक्टूबर को गिरफ्तारी के एक महीने बाद मिला। इस दौरान भारतीय दूतावास के एक अधिकारी को इनसे मिलने दिया गया। इसके बाद इन लोगों को हर हफ्ते परिवार के सदस्यों को फोन करने की अनुमति दी गई। दूसरा कॉन्सुलर एक्सेस दिसंबर में दिया गया।

### कतर की निजी कंपनी में काम करते थे

भारत के 8 पूर्व नौसैनिक कतर में दाहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी नाम की निजी कंपनी में काम करते थे। यह कंपनी डिफेंस सर्विस प्रोवाइड करती है। ओमान एयरफोर्स के रिटायर्ड स्क्वाड्रन लीडर खमिस अल अजमी इसके प्रमुख हैं। उन्हें भी 8 भारतीय नागरिकों के साथ गिरफ्तार किया गया था, लेकिन नवंबर में उन्हें छोड़ दिया गया।

### पूर्णेन्दु को मिल चुका है प्रवासी भारतीय सम्मान

दाहरा कंपनी में मैनेजिंग डायरेक्टर रिटायर्ड कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी को भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में उनकी सेवाओं के लिए साल 2019 में प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार मिला था। यह पुरस्कार पाने वाले वे आर्म्स फोर्सेज के एकमात्र शख्स हैं। उस वक्त दोहा में तब के भारतीय राजदूत पी कुमारन और कतर डिफेंस फोर्सेज इंटरनेशनल मिलिट्री कॉर्पोरेशन के पूर्व प्रमुख ने भी पूर्णेन्दु का स्वागत किया था।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बकतरा से शुरू किया जनसम्पर्क, कहा-

## आप शिवराज बन बुधनी जिताओ, मैं प्रदेश जिताऊंगा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज अपने विधानसभा क्षेत्र बुधनी के बकतरा पहुंचे। उन्होंने यहां जनसभा में क्षेत्र से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया उन्होंने कहा कि आज फिर बकतरा आया हूँ, वही बकतरा जहां मैंने छोटे-छोटे काम करके अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत की थी। कई यादें यहां से जुड़ी हैं। यह मेरी जन्म भूमि है, यह पुण्यभूमि है, यह कर्मभूमि है और यही मातृभूमि है। उन्होंने कहा कि, आज मैं यह कहने आया हूं कि अब आप अपना काम संभालो, तुम ही शिवराज हो। आप सब शिवराज बनकर इस चुनाव को लड़ो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, अपने काम से मैंने आपका, मान, सम्मान और शान पूरे मध्यप्रदेश, देश और दुनिया में बढ़ाई है। मैंने आपका नाम डूबने नहीं दिया। आज अपना क्षेत्र पूरे हिंदुस्तान में जाना जाता है। सभी जानते हैं कि, शिवराज जैत, शाहगंज से है। इसी धरती पर पैदा हुआ और इसी धरती मां के आशीर्वाद की वजह से आज इतने ऊपर पहुंच कर काम कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि, अगर सच्चे मन से मैंने आपकी सेवा की है,, मैंने आपका मान-सम्मान बढ़ाया है, अगर मैंने बहनों का जीवन बदला है, अगर मैंने बेटियों के भविष्य को बेहतर बनाया है, अगर मैंने खेतों में पानी पहुंचाया है और सड़कें बनायी हैं और अगर मैं आपके दुख-दर्द में काम आया हूं, तो मुझे आपका एकतरफा आशीर्वाद चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान का शाहगंज में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि, आज आपने दिल से मेरा स्वागत किया है। यह पगड़ी आपने पहनाई है। इस पगड़ी का मान, आपका सम्मान और शाहगंज की शान कभी जाने नहीं दूंगा। भाजपा की सरकार ने और खुद मैंने बहनों, बेटियों, और मेरे भाइयों कभी कोई भेद नहीं किया। उन्होंने कहा कि, हम सब भारत मां के लाल, भेदभाव का कहां सवाल.. मैंने सब की सेवा की है। प्रदेश को आगे बढ़ाया है। आइए इस चुनाव में भी मिलकर आगे बढ़े और दुनिया को दिखा दें एक साथ प्रेम और भाईचारा कैसे होता है।

### गूंजा नारा ...हमारी पहचान शिवराज सिंह चौहान

श्री चौहान ने गुरुवार को पूरे दिन जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से अपने विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में आशीर्वाद लिया, जो देर रात तक जारी रहा। इस दौरान हर नगर-हर गांव में बस एक ही नारा गूंज रहा था, हमारी पहचान शिवराज सिंह चौहान।

कमलनाथ ने नामांकन दाखिल किया, बोले-

## छिंदवाड़ा ने वोट नहीं प्यार दिया है



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आज छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने छिंदवाड़ा से जुड़ी अपनी यादों को ताजा करते हुए कहा कि पिछले 45 सालों से मुझे आपका केवल वोट ही नहीं मिला, बल्कि आपका प्यार भी मुझे मिला है। कमलनाथ ने जनता से कहा कि मेरे जीवन की सबसे बड़ी कमाई आपका प्यार और आपका विश्वास है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मैं पहली बार यहां से जीता तो मैंने सोचा था कि मैं क्या करुँगा और कैसे करूंगा? उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में उस समय 2 हजार गांव में से केवल 480 गांव में बिजली थी। तब मैंने सभी गावों में बिजली पहुंचाने का काम शुरू किया, मैं गाड़ी से दौरा करता था तो मैंने छिंदवाड़ा को देखा था और मुझे बार-बार एक ही बात याद आती थी कि छिंदवाड़ा के लोगों ने मुझ पर विश्वास किया है और मेरा कर्तव्य है कि छिंदवाड़ा की पहचान बने और छिंदवाड़ा को देश में पहचाना जाए।

### निशा बांगरे ने कांग्रेस की सदस्यता ली, नहीं लड़ेंगी चुनाव

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने यहां छतरपुर जिले में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ रहीं राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी श्रीमती निशा बांगरे को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि निशा विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी, वे एक उदाहरण बनेंगी। कमलनाथ द्वारा नामांकन भरे जाने के अवसर पर आयोजित जनसभा में निशा बांगरे ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। इस बारे में पार्टी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने बताया कि श्रीमती बांगरे ने आज छिंदवाड़ा में कमलनाथ के समक्ष पार्टी की सदस्यता ले ली है। कमलनाथ ने स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी उनका पूरे प्रदेश में उपयोग करेगी। छतरपुर जिले में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ रहीं श्रीमती निशा बांगरे का त्यागपत्र अदालती लड़ाई के बाद आखिरकार दो दिन पहले सरकार ने स्वीकार कर लिया था।

जम्मू-कश्मीर में मिली बड़ी कामयाबी

## कुपवाड़ा के मच्छेल में 5 आतंकी ढेर

**जम्मू, देशबन्धु।** भारतीय सेना ने कुपवाड़ा के मच्छेल सेक्टर में एलओसी पार करने का प्रयास कर रहे आतंकियों में से पांच को ढेर कर दिया है।

कुछेक के साथ अभी भी मुठभेड़ जारी थी और कुछेक वापस पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में भागने में कामयाब रहे थे। पांच दिनों के भीतर एलओसी पर यह दूसरा घुसपैठ का प्रयास है। इससे पहले दो आतंकियों को उड़ी में मार गिराया गया था। सेना की चिनार कोर ने बताया कि कुपवाड़ा में एलओसी के पास सेना और पुलिस ने एक विशेष सूचना पर संयुक्त अभियान चलाया। सीमा पार से हो रही घुसपैठ को विफल किया गया है। यहां सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है। वहीं, कश्मीर जोन पुलिस ने बताया कि कुपवाड़ा के मच्छेल सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें अब तक पांच आतंकवादी मारे गए हैं। अभी आप्रेशन चल रहा है। मुठभेड़ के बारे में मामले को लेकर डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि सेना और पुलिस की तरफ से आप्रेशन जारी है। घुसपैठ के लिए इस क्षेत्र से बार-बार कोशिश की जाती है।

### नियंत्रण रेखा के पार करीब 60 लान्चिंग पैड

उन्होंने कहा कि नियंत्रण रेखा के पार करीब 60 लान्चिंग पैड बनाए हैं। सेना और पुलिस की तरफ से पूरी सतर्कता बरती जा रही है। आतंकियों की तादाद दिन व दिन घटती जा रही है। आने वाले दिनों में इनकी गिनती और भी कम होगी। सोशल मीडिया ब्लॉगिंग एक्स प्लेटफार्म के माध्यम से अपडेट देते हुए, कश्मीर पुलिस जोन ने एडीजीपी कश्मीर के हवाले से लिखा गया है कि लश्कर के तीन और आतंकवादी मारे गए। कुल 5 मारे गए हैं। पहचान का पता लगाया जा रहा है। तलाशी अभियान जारी है। आगे की जानकारी दी जाएगी। इससे पहले पुलिस ने बताया कि मच्छेल सेक्टर में मुठभेड़ शुरू हो गई है। उन्होंने आगे बताया कि शुरुआती गोलीबारी में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए थे। पुलिस ने कहा कि कुपवाड़ा में एलओसी के पास मच्छेल सेक्टर में गुरुवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें जवानों ने पांच आतंकियों को मार गिराया। इसमें 3 आतंकी लश्कर से जुड़े थे, वहीं 2 की पहचान नहीं हो सकी है।

इजरायल ने की भारत से मांग

## हमास को घोषित करें आतंकवादी संगठन

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** हमास के आंतंकी हमले के बाद भारत से मिले समर्थन के बाद इजरायल ने एक बडी मांग की है। भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा है कि उनका देश चाहता है कि भारत हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हमास को,भारत में भी आधिकारिक तौर पर एक आतंकवादी संगठन के रूप मे नामित किया जाना चाहिए, जैसा कि कई अन्य देशों ने किया है। इनमें अधिकांश यूरोपीय देश, अमेरिका और कनाडा जैसे लांकतंत्र शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इस बारे में नई दिल्ली में संबंधित अधिकारियों से बातचीत हुई है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी इस बारे में बात हुई है। उन्होंने कहा कि वे आतंकी खतरों को समस्या को समझते हैं और भारत पर दबाव नहीं बल्कि पूछ रहे हैं। हतास जिसने 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमला किया और 200 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया, को इजरायल,अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा एक आतंकवादी संगठन के रूप मे नामित किया गया है। वहीं इस बारे में भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहाकि किसी संगठन को आतंकवादी समूह नामित करना एक कानूनी मामला है।

कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचंकाक 3 सौ के पार

## दिल्ली-एनसीआर की हवा हुई खराब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में हवा की दिशा बदलने व गति कम होने के साथ वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बरकरार है।

बृहस्पतिवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 256 दर्ज किया गया, जबकि चार इलाकों में 300 के पार रहा जोकि खराब श्रेणी है। वहीं, बुधवार के मुकाबले 12 सूचकांक की वृद्धि हुई है। वहीं, चार इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इसके साथ ही, 26 इलाकों में हवा खराब श्रेणी और चार इलाकों में हवा मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सर्वाधिक सूचकांक दर्ज किया गया। वहीं, समग्र रूप से दिल्ली का एक्यूआई खराब श्रेणी में बरकरार रहा। कमोबेश यही स्थिति रविवार तक बनी रहने का अनुमान है। इस दौरान हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। विशेषज्ञों के मुताबिक हवा की दिशा बदलने के साथ ही पराली का धुआं धीरे-धीरे दिल्ली की ओर रुख कर रहा है। इससे स्मॉग देखने को मिल रहा है। दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का दूसरा चरण लागू है। सीपीसीबी के मुताबिक दिल्ली में चार इलाकों में बेहद खराब हवा दर्ज की गई। इनमें आनंद विहार व शादीपुर में सबसे अधिक एक्यूआई दर्ज किया गया। जिसमें आनंद विहार में सूचकांक 311, शादीपुर में 303, नेहरू नगर में 302 और बवाना में 301 दर्ज किया गया। वहीं, जहांगीरपुरी में 297, द्वारका सेक्टर-8 में 224, मुंडका में 291, एनएसआईटी द्वारका में 291, पंजाबी बाग में 273, नरेला में 265, पटपड़गंज में 259 समेत 26 इलाकों में हवा खराब रही। इसके साथ ही मथुरा रोड में 171, डीटीयू में 193 व दिलशाद गार्डन में 198, पूसा में 184 एक्यूआई मध्यम श्रेणी रहा।

# 10 नवंबर तक सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण करेः निगमायुक्त



**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए नगर निगम क्षेत्र में बनाए गए समस्त मतदान केंद्रों पर की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थायें एवं मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति हेतु किये जाने वाले कार्य की मतदान केंद्र बार समीक्षा करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे मतदान केंद्र और उसके आसपास साफ-सफाई, भवन की आवश्यकतानुसार पुताई और मरम्मत, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, पानी की व्यवस्था दिव्यांगजनों को ट्राईसाईकिल की उपलब्धता, मतदान केंद्र पर आवश्यकतानुसार फर्नीचर की उपलब्धता सहित अन्य समस्त कार्य 10 नवंबर तक पूर्ण करने तथा कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। निगमायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी को निर्देशित किया कि वह नगरीय क्षेत्र के समस्त मतदान केंद्रो का भ्रमण कर जिन भवनों में प्रकाश व्यवस्था नहीं है, उन पर प्रकाश व्यवस्था करने और मतदान केंद्रों पर मतदान दल के उपयोग हेतु आवश्यक सामग्री 10 नवंबर तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मतदान केंद्रो की व्यवस्था कार्य में लगे इंजीनियर और अधिकारियों को सौंपे गए मतदान केंद्रो की जानकारी लेकर निर्देशित किया मतदान केंद्रों पर मतदान दल पहुंचने के पूर्व केंद्रों पर पेयजल की व्यवस्था की जावे। समस्त मतदान केन्द्रों पर पेयजल की आपूर्ति निरंतर जारी रखी जावे। उन्होंने समस्त इंजीनियरों को निर्देश दिये कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार मतदान केंद्रों पर लेखन कार्य तत्काल पूर्ण किया जाये। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी सहित निगम अधिकारी और इंजीनियर उपस्थित थे।

## छात्रों ने शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया



**मालथौन, देशबन्धु।** पं. बृजकिशोर पटैरिया आईटीआई बेसरा में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोकतंत्र के उत्सव में शत-प्रतिशत भाग लेने की शपथ दिलाई गई। आईटीआई द्वारा स्वयंसेवकों से शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु संकल्प लिया एवं संकल्प पत्र भरवाए गए और मतदाता जागरूकता संबंधी मानव श्रृंखला निर्माण के माध्यम से नागरिकों को अधिकतम मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी स्वतंत्र तिवारी के द्वारा किया गया एवं साथ में संस्था के डायरेक्टर जनविजय पटैरिया, प्राचार्य देवेन्द्र राय, भूपेंद्र कुशवाहा, सपना यादव आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## सही दिशा में काम करने की कोशिश कीजिये, तभी आपका जीवन सार्थक होगाः मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जिंदगी को फालतू होने से बचाइए, सही दिशा में काम करने की कोशिश कीजिये, तभी आपका जीवन सार्थक होगा। यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनिश्री ने कहा फालतू बातों से, फालतू विचारों से, फालतू खर्च से, फालतू काम से बचे, ताकि आपकी जिंदगी फालतू होने से बच सके। सबसे पहले अपने विचारों पर अंकुश लगाए। हमारे विचार यदि नियंत्रित होंगे तो हमारा व्यवहार नियंत्रित होगा इन्हीं से हमारा जीवन विशुद्ध बनता है। विचारों के बारे में मुनि श्री ने कहा कितने अर्थहीन विचार, नकारात्मक विचार आए तो उन्हें रोके, श्रेष्ठ कम में लगे। जो लोग जरूर से ज्यादा विचार करते हैं वह परेशान रहते हैं। कुविचारों से हटाना है विचारों के चक्रव्यूह से बाहर निकले। मनोवैज्ञानिक कहते हैं एक दिन में 50 से 70 हजार तक विचार चित्त में बहुत ही तीव्र गति से आते हैं। उतना ही सोचो जितना सोचना है, ज्यादा सोचकर शोक मग्न, डिप्रेशन, टेंशन नकारात्मकता मोल मत लो। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा कि अनावश्यक बातों में चित्त को मत उलझाओ, अपने आप को टटोलो, मेरे अंदर की स्थिति क्या है, कुछ भी बात हो जाएए भावों को नहीं बिगाड़े। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया कि कल 28 अक्टूबर शनिवार शरद पूर्णिमा संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर के अवतरण दिवस के अवसर पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन विद्या भवन, अंकुर कॉलोनी मकरोनिया से शाम 7. 30 बजे आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मशहूर कवि अमित मौलिक जबलपुर, मुकेश मनमौजी छपारा, सौरभ भयंकर चंदेरी, पंकज पंडित ललितपुर, कपिल चौबे, शक्ति सलोनी राजस्थान एवं डॉ. अखिल आनंद सागर के संयोजन में किया जा रहा है।

## प्रारंभिक अवस्था में जो भी हमारा व्यवहार होता है वह अंत समय तक चलता हैः मुनिश्री

**बीना, देशबन्धु।** जब हम अपना मकान बनाते हैं तो उसमें सीमेंट का अथवा मिट्टी का फर्श भी बनता है यह फर्श जीवन के अंत तक अथवा मकान के अंत तक रहता है किंतु अगर बनाए जाने वाले गले फर्श पर हम अपने पैरों की अथवा हाथों के निशान बना दे तो अंत तक रहता है इसी तरह से हमारे जीवन का व्यवहार होता है जब हम कोई जीवन प्रारंभ करते हैं तो प्रारंभिक अवस्था में जो भी हमारा व्यवहार होता है वह अंत समय तक चलता है जैसे एक बेटी का विवाह होने के उपरांत ससुराल में जाती है और जाते ही साथ ससुराल में जैसा व्यवहार करती है पूरे जीवन भर वैसा ही व्यवहार माना जाता है ससुराल जाने वाली बेटी अपने परिवार से जो भी सलाह लेकर जाती है इस तरह से व्यवहार करती है अगर हमारे माता-पिता अच्छी सलाह देती है तो बेटी का जीवन अच्छा बनता है पर अगर हमारे माता-पिता ससुराल जाने वाली बेटी को अच्छी सलाह नहीं देती है तो उसका जीवन अच्छा नहीं बनता है इसी तरह से जब हम अपना धार्मिक क्षेत्र में जीवन प्रारंभ करते हैं तो हमें जैसे निर्देश या सहयोग करने वाले लोग मिल जाएंगे इस तरह से हम अपना जीवन जीते जाएंगे। मुनिश्री ने



बताया कि जब हम ध्यान करने जाते हैं तो ध्यान में क्या नहीं करना है संसार के बारे में अशुभ बातों को विचार करना है इस कारण से संसार छूट जाएगा क्योंकि हम जिसकी बुराई करते हैं वह हमारे पास रुकता नहीं है और जिसे हम पाना चाहते हैं उसकी अगर हम प्रशंसा करते हैं तो हमें वह प्राप्त हो जाता है अगर हमें संसार छोड़ना है तो संसार की अशुभों के बारे में विचार करो और अगर मोक्ष प्राप्त करना है तो मोक्ष को मंगल मय विचार करने पर हमें वह प्राप्त हो जाएगा।

मुनिश्री ने लोकतंत्र की प्रक्रिया पर प्रश्न उठाते हुए बताया कि हमारे यहां हर एक व्यक्ति राजनीति में क्यों जाना चाहता है क्यों क्योंकि उसने जितनी बार चुनाव में विजय प्राप्त करके और जिन-जिन पदों पर जितनी जितनी बार विजय प्राप्त की होगी सरकार उतनी बार का उन्हें पेंशन की योजना का लाभ देती है अर्थात अगर कोई व्यक्ति 10 बार विधायक बनेगा तो 10 बार की पेंशन मिलेगी और यदि वह बाद में मुख्यमंत्री बन जाए अथवा सांसद बनकर प्रधानमंत्री बन जाए तो उसको सब की पेंशन मिलेगी यह कितना भ्रष्ट नियम है जो हमारे देश को खोखला कर रहा है इस विषय में एक भी नेता विरोध करने को तैयार नहीं रहता है सभी लोग इस विषय की हमें हां मिलाकर अनुमोदन करके और इसको बढ़ावा देते हैं लेकिन हमारे देश का यह निश्चित रूप से काला नियम होगा जो देश के भविष्य को भी काला करेगा।

## थोक खोवा विक्रय दुकानों का किया निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने निरीक्षण कार्यवाही करते हुए शहर में थोक खोवा विक्रय की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की कार्यवाही घंटाघर एवं उमा मिस्त्री की तलैया क्षेत्र में हुई। घंटाघर के पास स्थित हनुमान गढ़ी स्वीट्स से मावा लड्डू एवं उमा मिस्त्री की तलैया स्थित नेमा मावा भंडार में विक्रय हेतु संग्रहित खोवा एवं खोवा लड्डू के नमूनें जांच हेतु लिए गए। उक्त खोवा एवं खोवा लड्डू के नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## मां हरसिद्धि कुटी मन्दिर पर आज होगा विशाल भंडारा

**बीना, देशबन्धु।** कुटी मन्दिर नये बस स्टेंड पर स्थित हरसिद्धि मैया के दरबार में प्रतिवर्षनुसार शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। हरसिद्धि मैया का दरबार क्षेत्र में प्रसिद्ध है। हरसिद्धि मैया का भंडारा आगे इसी भव्यता के साथ मनाने का काम सभी समिति के सदस्य कार्यकर्ता करते रहेंगे। मां हरसिद्धि समिति के सदस्यों ने बात करते हुए बताया कि एक-एक कार्यकर्ता तन से मन से धन से समर्पण भाव से यहां पर सेवा करते है। सभी के कठिन परिश्रम का परिणाम है कि यहां पर इतना विशाल भंडारा संपन्न हो जाता है। इस बार भी हमें तन मन धन सही से पूरा सहयोग करके भव्यता प्रदान करनी है। इसके अलावा भंडारे को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग कामों की जिम्मेदारी भी उन्होंने समिति के सदस्यों को प्रदान करते हुए जिम्मेदरियों का दायित्व सौंपा।



## 20 आदतन अपराधियों को 6 माह के लिये किया जिला बदर

**सागर, देशबन्धु।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर दीपक आर्य ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के मददेनजर 20 आदतन अपराधियों को 6-6 माह के लिये जिला बदर करने का आदेश किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियां में लिप्त सोमेश पिता स्व. सुदामा प्रसाद राठौर उम्र 45 साल निवासी वार्ड क्र. 15 पटनागंज रहली थाना रहली, विक्रम पिता महेन्द्र उर्फ गब्बर दांगी उम्र 31 साल निवासी ग्राम पिपरिया जैतपुर थाना देवरी, कोमल पिता हल्ले अहिरवार उम्र 32 साल निवासी ग्राम जूना थाना रहली, करन पिता भूपत सोनकर उम्र 23 वर्ष निवासी शिवाजी वार्ड बीना थाना व तहसील बीना, डब्बू उर्फ रोहन पिता स्व. मनोज सेन उम्र 24 साल निवासी बिलगैया वार्ड बीना थाना, सुखनंदन पिता शिवराज लोधी उम्र 45 साल निवासी ग्राम डिलौना थाना विनायक जिला सागर, रामक्रेश उर्फ रामकृष्ण पिता श्यामलाल घोषी उम्र 45 वर्ष निवासी जंगल चौकी के पास जैसीनगर, विकास पिता रघुवीर उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम पड़ारसोई थाना व तह. राहतगढ़, भूपेन्द्र पिता राजकुमार यादव उम्र 29 साल निवासी पांचवी लाईन मंडीबामोरा थाना आगासोद तह. बीना, सचिन उर्फ बाबू पिता शिवनारायण शुक्ला उम्र 25 साल निवासी ग्राम व थाना नरयावली, नरेश पिता मुन्शीलाल यादव उम्र 35 साल निवासी ग्राम करहद थाना जैसीनगर, गोपाल पिता इमरत साहू उम्र 37 साल निवासी गांधी चौक गौरझामर, श्रीसींग उर्फ श्रीराम पिता भगोनी निवासी ग्राम चितौरा थाना सुरखी, भोलेराम पिता बाबूलाल रजक उम्र 46 साल निवासी ग्राम चितौरा थाना सुरखी, अतुल पटेल पिता महेन्द्र पटेल उम्र 26 साल निवासी खण्डेराव वार्ड देवरी, मुलायम पिता मर्दन यादव निवासी ग्राम दतया थाना बरायठा, विक्रम पिता लाखन सिंह घोषी उम्र 33 साल निवासी सुभाष वार्ड खुरई, रमजानी पिता सुल्तान खॉ मंसूरी उम्र 37 साल निवासी ग्राम झिला थाना राहतगढ़, साहब सिंह पिता बाबू सिंह यादव उम्र 43 साल निवासी ग्राम विदवासन थाना बांदरी, संतोष उर्फ संतू पिता किशुन उर्फ किशन सिंह लोधी उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम चितौरा थाना सुरखी जिला सागर को 6-6 माह की अवधि के लिये सागर जिले व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश दिया है। उनके विरूद्ध न्यायालय में प्रकरण चल रहा है तो वह नियत पेशी पर न्यायालय में उपस्थित हो सकेंगे।

## शोध एवं अनुसंधान का आधार नैतिकता हैः केएस ठाकुर



**सागर, देशबन्धु।** गुरुवार को यूजीसी मानव संसाधन विकास केंद्र द्वारा प्रायोजित डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पब्लिकेशन एंड रिसर्च एथिक्स विषय पर ऑनलाइन दो सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स का समापन हुआ। यह रिफ्रेशर कोर्स 12 से 26 अक्टूबर तक संचालित हुआ। यह कार्यक्रम डॉ. वसीम अनवर के एक प्रस्ताव पर स्वीकृत किया गया था। इस कार्यक्रम में देश भर से प्रतिभागीयों ने भाग लिया और शोध नैतिकता विषय पर अपने ज्ञान को समृद्ध किया। देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों ने रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित हो कर अपने अनुभवों एवं विचारों से प्रतिभागीयों का ज्ञानवर्धन किया। इस कार्यक्रम के कोर्स समन्वयक डॉ. वसीम अनवर, सहायक प्रोफेसर, उर्दू एवं पर्सियन विभाग तथा डॉ. गौतम प्रसाद, सहायक प्रोफेसर वाणिज्य विभाग ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। समापन सत्र की अध्यक्षता प्रभारी कुलपति प्रो. हरेल थामस नेकी। जिसमें उन्होंने कहा कि शोध में नैतिकता के स्तर ऊपर उठाने के लिए फैकल्टी और शोधार्थी को काम करना चाहिए है। मुख्य अतिथि गोविंद गुरु ट्राइबल यूनिवर्सिटी बांसवाड़ा राजस्थान के कुलपति प्रो. केएस ठाकुर ने शोध नैतिकता विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि शोधएवं अनुसंधान नैतिकता के आधार पर टिका है इससे राष्ट्र के विकास में हम योगदान करते हैं। अनुसंधान व नैतिकता विकास का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। ये राष्ट्र के विकास में योगदान करते हैं। इस अवसर पर डॉ. गौतम प्रसाद ने स्वागत वक्तव्य दिया एवं डॉ. वसीम अनवर ने कोर्स का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिभागीयों ने कोर्स का फीडबैक और अपने अनुभव सांझा किए। डॉ. आर टी बेद्रे, निदेशक, यूजीसी एचआरडीसी ने अपने विचार रखें व समस्त अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार ज्ञापित किया।

## अधिक से अधिक मतदान कर देश के विकास में सहयोगी बने मतदाताः कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने जिले के सभी 17 लाख से अधिक मतदाताओं से आगामी 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि सभी मतदाता बिना किसी प्रलोभन के स्वयं के विवेक से अपने मताधिकार का उपयोग करें। लोकतंत्र को मजबूत बनाने एवं देश के विकास में सहभागी बनने के लिए सभी मतदाता बढ़ चढ़कर मताधिकार का उपयोग करें। मतदान दिवस पर 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं को घर पर ही वोटिंग कराई जाएगी। इसके अलावा सभी मतदाता अपने निकटतम मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करें। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

## एक नवंबर को निर्वाचन प्रशिक्षण नहीं होगाः कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत पीठासीन अधिकारी एवं पोलिंग अधिकारी क्र. 1 का आयोजित होने वाला 1 नवंबर को निर्वाचन प्रशिक्षण स्थगित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत निर्वाचन संपन्न करने के लिए पीठासीन अधिकारी एवं पोलिंग अधिकारी क्रमांक एक का निर्वाचन प्रशिक्षण 31 अक्टूबर, 1 नवंबर एवं 2 नवंबर को आयोजित किया जाना था किंतु अब 1 नवंबर को मप्र स्थापना दिवस एवं करवा चौथ होने के कारण एक नवंबर को निर्वाचन प्रशिक्षण 3 नवंबर को आयोजित किया जाएगा, शेष प्रशिक्षण की दिनांक स्थावत रहेगी।

## नगर निगम के सेवानिवृत कर्मचारी अपना जीवन प्रमाण पत्र, 5 नवम्बर तक पेंशन शाखा में जमा करें

**सागर, देशबन्धु।** संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास के आदेशानुसार नगर निगम के सभी सेवानिवृत कर्मचारी जिन्हें शासन द्वारा पेंशन प्राप्त हो रही है वे वर्ष 2023 का अपना जीवन प्रमाण पत्र लाईफ सर्टिफिकेट 5 नवम्बर तक नगर निगम की पेंशन शाखा में आवश्यक रूप से जमा कर देंवे अन्यथा जीवन प्रमाण पत्र जमा न करने की स्थिति में शासन द्वारा उनकी माह नवम्बर 2023 की पेंशन माह दिसम्बर में प्राप्त नहीं हो पायेगी जिसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## श्रावक का धर्म दान पूजा करके अपने श्रावक के कर्तव्य का पालन करना हैः मुनिश्री



**शाहगढ़, देशबन्धु।** भगवान महावीर के शासनकाल में उनकी दिव्या का रसपान कर रहे हैं। पुण्यशाली हैं कि आज हमें भगवान जिनेद्र के समोशरण में बैठकर उनकी देशना सुनने को मिल रही है, यह बात मुनिश्री विरंजन सागर ने 25 मंडलीय समोशरण महामंडल विधान के दूसरे दिन कहीं उन्होनें कहा कि कभी ना कभी भगवान के समोशरण में बैठे होंगे, लेकिन हमें स्मरण नहीं है, जिन देव औषधि यानी भगवान के वचन औषधि का काम करते हैं, भगवान की दिव्या देशना जब खिरती है तो गणधर ही धारण करते हैं, कुंदकुंद देव स्वामी ने कहा है श्रावक का धर्म दान पूजा करके अपने श्रावक के कर्तव्य का पालन करना है, दान करने से नियम से वह निर्वाण को प्राप्त करता है, सौभाग्य मिला है कि मनुष्य पर्याय में यहां समोशरण में बैठकर भगवान की देशना सुनने को मिल रही है, मुनिश्री ने विधान के प्रमुख पात्रों का वर्णन करते हुए कहा कि कुबेर बने कमल डेवड़िया ने द्वारा ही समोशरण की रचना कराई, तो चक्रवर्ती सुदीप डेवड़िया भगवान की पूजा करने आए, महायज्ञनायक बने राजकुमार मिठया जो पूरे अनुष्ठान की क्रियाये करेगें, बाहुबलि राजीव बमनौरा भगवान की भक्ती करने समोशरण में आते हैं वहीं 24 समोशरण के सभी सौधर्म इन्द्र और सभी इंद्र सहित नगर भक्ती करेंगे। मुनिश्री ने कहा कि नेनागीर में भी भगवान पार्श्वनाथ का समोशरण आया था वैसे ही समोशरण की रचना यहां की गई है, समवसरण महामंडल विधान के महत्व के बारे में बताया कि ये पच्चीस समवसरण महामंडल विधान है जहां एक साथ पच्चीस समवशरणों की रचना की गई है और प्रत्येक समवसरण में चार-चार जिन बिम्ब विराजमान किए गए। पच्चीस समवसरण के पच्चीस सौधर्म इंद्र अपने परिवार के साथ पूजा भक्ति अर्चना कर रहे हैं, हमें पता नहीं हमने पूर्व जन्म में कभी साक्षात् भगवान के समवसरण में जाने का सौभाग्य पाया है या नहीं। मुझे तो लगता है कि शायद नहीं पाया है। ऐसा इसलिए कह रहा हूं कि समवसरण में जाने वाले पुण्यवान जीव के श्रीमण्डप भूमि में पहुंचकर पूजा अर्चना करने वाला केवल सम्यक्दृष्टि जीव होता है, मिथ्या दृष्टि नहीं। मैं एक बात कहता हूं, हम लोग जरूर भगवान के समवसरण में शामिल नहीं हुए क्योंकि समवसरण में गए होते और श्रीमण्डप भूमि में पहुंचे होते तो सम्यक्दृष्टि हो गए होते। यदि सम्यक्दृष्टि हो गए होते तो पंचमकाल में भरत क्षेत्र में पैदा ही नहीं हुए होते।

### ध्वजारोहण, मंडप पर विराजे भगवान

नगर भवन में शुरू हुए 25 मंडलीय समोशरण महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के दूसरे दिन सुबह सभी जिनालयों से लाए गए 103 जिनबिंबों की 25 मंडलों पर स्थापना की गई, विधान का ध्वजारोहण दीपक सूरज सिंघई एवं मंडप उद्घाटन मनीष सिंघई परिवार तथा दीप प्रज्ज्वलित पदम सेठ के अलावा मुनिश्री का पाद प्रक्षालन मुकेश जैन, देवेंद्र साइकिल को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य मिला। रात्रि में शीलचंद विमल कुमार बराज परिवार के यहां से महाआरती निकाली गई जो प्रमुख मार्गो से होते हुए नगर भवन विधान स्थल पहुंची, जहां पर बड़े ही उत्साह भक्ति अर्चना करते हुए संगितकार संजय भोपाल की धुनों पर इंद्र इंद्राणी ने खूब भक्ति की।

## सार समाचार

### आबकारी विभाग ने देशी शराब सहित सामग्री की जब्त



**हरपालपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मद्दे नजर आबकारी विभाग अवैध शराब और नशीले पदार्थों के संग्रहण करने वालों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुये विभाग की टीम ने छापामार कार्यवाही कर बारठ, सदेरी, देओथा, सरसेड़, रगोली आदि जगह कार्यवाही की है। विभाग की जानकारी के अनुसार 167000 कीमत की अवैध देशी शराब, अवैध महुआ लाहन और मदिरा निर्माण सामग्री जब्त की गई है उक्त छापामार कार्यवाही कलेक्टर के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त के नेतृत्व में की गई है। संबंधित आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 04 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। विदित हो कि इन दिनों जिला प्रशासन के निर्देशन में आबकारी विभाग गठित की गई टीमों के जरिये जिले भर में सूचना मिलते ही उक्त कार्यवाहियां कर रहा है। बताया गया कि निर्वाचन के दौरान इस तरह की किसी भी गतविधियों को हर हाल में सख्ती के साथ रोका जायेगा। और संबंधित आरोपियों के खिलाफ तत्काल प्रकरण दर्ज किये जायेंगे।

**पकड़ी गई सामग्री की कीमत लगभग एक लाख 67 हजार**

### खेत की रखवाली रहे युवक को सर्प ने काटा, मौत



**छतरपुर, देशबन्धु।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर के रहने वाले एक युवक को खेत पर सोते समय सांप ने काट लिया। परिजन उसे झाड़-फूंक कराने ले गए इसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए लेकिन यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर के रहने वाले घासीराम कुशवाहा खेत पर मूंगफली की रखवाली कर रहे थे। रखवाली करते समय घासीराम सो गए। सोते समय जहरीले सर्प ने उन्हें डस लिया। इसके बाद उनके चिल्लाने पर आसपास के लोग आए और उन्हें झाड़-फूंक के लिए ले गए। झाड़-फूंक कराने के बाद जब हालत में सुधार नहीं हुआ तब परिजन उसे जिला अस्पताल लाए लेकिन यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का अब पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### महिला ने खायी सल्फास, अस्पताल पहुंचने से पहले मौत



**छतरपुर, देशबन्धु।** किशनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हरपुरा में एक महिला ने सल्फास का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार हरपुरा निवासी नीमा लोधी पत्नि दिनेश राजपूत 25 वर्ष सुबह घर पर छोटे बच्चे को मार रही थी। पति ने नीमा को बच्चे की मारपीट करने से मना किया तो महिला ने गुस्से में आकर घर में रखी सल्फास की दवा का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सीधे जिला अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन सुबह से पीएम के इंतजार में जिला अस्पताल में बैठे हैं लेकिन डॉक्टर न होने के कारण दोपहर तक महिला का पीएम नहीं हो सका।

### पुलिस ने यात्री बस की जांच करते हुए पकड़ा

# चावल की बोरियों में उड़ीसा से लाया जा रहा था गांजा

*__छतरपुर, देशबन्धु।__ गुरूवार को छतरपुर की सिविल लाइन थाना पुलिस ने एसएसटी चैकिंग दलों की मदद से अवैध रूप से लाए जा रहे गांजे की बड़ी खेप को पकडऩे में कामयाबी हासिल की है। गांजे की यह खेप यात्री बस के जरिये चावल की बोरियों के भीतर भरकर लाया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपी भी गिरफ्तार किए हैं।*

*सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि गुरूवार को एसएसटी की टीम के द्वारा ग्राम ढड़ारी के समीप की जा रही जांच के दौरान एक यात्री बस को रोककर जब जांच-पड़ताल की गई तो इसमें से दो चावल की संदिग्ध बोरियां मिलीं। जब बोरियों को खुलवाकर देखा गया तो इसमें पैकेट के रूप में लगभग 11 किलो 420 ग्राम अवैध गांजा लाया जा रहा था। इन बोरियों को मुकेश कुशवाहा और सोनेलाल सेन के द्वारा लाया जा रहा था। आरोपियों ने बताया कि वे उड़ीसा से जबलपुर के रास्ते गांजे की यह खेप छतरपुर लाए थे। पुलिस ने पकड़े गए*



*गांजे की कीमत लगभग एक लाख 71 हजार रूपए बताई है। आरोपियों से पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है।*

***इनामी जिला बदर आरोपी पकड़ा, रासुका लगाई :*** *आचार संहिता लगते ही निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के द्वारा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। पिछले दिनों छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर के द्वारा जिले के 100 से ज्यादा बदमाशों को जिला बदर किया गया था। इन्हीं में से एक बदमाश छतरपुर में घूम रहा था जिसे सिविल लाइन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध रासुका की कार्यवाही की है। पकड़े गए आरोपी का नाम सुनील चौधरी है। सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि सिविल लाइन थाना पुलिस की निगरानी सूची में दर्ज अम्बेडकर नगर कॉलोनी के निवासी सुनील चौधरी को जिला बदर अवधि में छतरपुर जिले में घूमते हुए पकड़ा गया है। पुलिस ने अब उस पर रासुका की कार्यवाही की है। आरोपी पर दो हजार रूपए का इनाम भी घोषित था।*

### जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में वोटर्स को प्रेरित करने की जा रही पहल

# छतरपुर जिले में 168 मतदान केन्द्रों पर महिला दल संभालेंगी बूथ

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में छतरपुर जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 में लोकतंत्र के महापर्व 17 नवम्बर को मतदान होना है। जिले में 14 लाख 18 हजार 815 कुल मतदाता हैं। जिसमें पुरूष मतदाता 7 लाख 54 हजार 22, महिला मतदाता 6 लाख 64 हजार 770 और 23 अन्य मतदाता शामिल है। इस बार महिला मतदाताओं का जेंडर रेशियों बढ़ा है।

वोटर टर्न आउट बढ़ाने के लिए जिले के 1586 मतदान केन्द्रों पर क्यू मैनेजमेंट व्यवस्था लागू रहेगी। जिससे हर उम्र के मतदाताओं को मतदान करने में सहजता होगी। जिले में 149 सेक्टर अधिकारी नियुक्ति किए गए हैं।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष पहल में 168 पूर्ण महिला बूथ



दल, 6 पीडब्ल्यूडी बूथ दल, 1 पूर्णता-यूथ दल रहेगा। यह पहल मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए की गई है। मतदान दलों के 8 हजार से अधिक सदस्यों को विधानसभावार 76 मास्टर ट्रेनरों द्वारा तीन स्तरीय ट्रेनिंग दी जा रही है। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। निर्वाचन संबंधी सम्पूर्ण गतिविधियों की सम्पूर्ण मॉनिटरिंग जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से लगातार की जा रही है।

**1950 पर मतदाताओं की समस्याओं का हो रहा समाधान :** जिले में विधानसभा निर्वाचन शांति पूर्ण स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए आदतन अपराधियों पर कार्यावाहियां की गई। जिससे चुनाव प्रक्रिया में कोई बाधा उत्पन्न न कर सके। जिले में 101 आदतन अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की गई है।

जिले में 54 एफएसटी, एसएसटी लगातार एक्टिव है। साथ ही जिला स्तरीय कंट्रोल से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और 1950 एवं 07682-245376 नंबर पर कॉल आने पर मतदाताओं की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अधिकारियों के मोबाइल नम्बर अंकित किए गए है।

जिले के 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों पर वेबकास्ट की व्यवस्था, क्रिटिकल मतदान केन्द्रों सीसीटीवी लगाए गए हैं। कलेक्ट्रेट में स्थापित मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) द्वारा प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं इंटरनेट सोशल मीडिया पर 24 घंटे नजर रखी जा रही है।

### जब बजने लगीं खतरे की घंटियां

# मोदी को भी याद आईं केजरीवाल की गारंटियां



- पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंतमान का तूफानी दौरा
- महाराजपुर, छतरपुर और बिजावर में रोड शो कर मांगे वोट

**छतरपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी को जीत दिलाने के लिए राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारकों की सभाएं और रोड शो शुरू हो चुके हैं। गुरूवार को आम आदमी पार्टी के नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंतमान ने छतरपुर जिले की तीन विधानसभा सीटों पर तूफानी दौरा करते हुए रोड शो और नुक्कड़ सभाएं कर अपने प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। दौरे की शुरूआत महाराजपुर विधानसभा के नौगांव शहर से हुई। इसके बाद वे छतरपुर और बिजावर में भी रोड शो करने पहुंचे।

नौगांव में आयोजित रोड शो के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंतमान ने कहा कि भाजपा के जो लोग पहले हमारे नेता अरविंद केजरीवाल की गारंटियों का मजाक उड़ाते थे वे खुद आज जनता को गारंटी देने पर मजबूर हो गए हैं। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा कि जब बजने लगीं खतरे की घंटियां तो मोदी को याद आयीं केजरीवाल की गारंटियां। उन्होंने कहा कि मप्र में आम आदमी पार्टी सरकार बनाने जा रही है। क्योंकि हम सर्वे में नहीं आते हम सरकार में आते हैं।

नौगांव के बाद भगवंतमान ने छतरपुर की सड़कों पर भी रोड शो करते हुए अपने प्रत्याशी भागीरथ पटेल के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में जो काम किया है उसकी तारीफ देश भर में हो रही है। हमारे नेता अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में पांच साल काम करने के बाद चुनाव के पहले जनता से कहा था कि अगर मैंने आपके लिए अच्छा काम किया हो तो आप मुझे वोट देना। ऐसा कहने के लिए नेता के पास जिगर होना चाहिए। ये तभी होता है जब आप जनता के लिए काम करते हैं। तदोपरांत भगवंतमान ने बिजावर सीट पर भी रोड शो करते हुए आप के प्रत्याशी अमित भटनागर के लिए प्रचार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस ने मिलकर इस देश को लूटने का काम किया है हमें इन दोनों ही पार्टियों से अपनी युवा पीढ़ी को बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम एक अच्छी सरकार देने की गारंटी हैं।

### चाहत पाण्डेय बोलीं जनता को अच्छी सरकार देती है आप



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंतमान के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छतरपुर आयीं एक्टर और दमोह विधानसभा सीट की प्रत्याशी चाहत पाण्डेय ने कहा कि आम आदमी पार्टी जनता को अच्छी सरकार देती है। हमारे नेता अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य व आम आदमी की भलाई के लिए जो काम किए हैं वह देश की कोई सरकार नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि मप्र में भी आम आदमी पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ रही है। हम प्रदेश में भी सरकार बनाएंगे।

# तहसीलदार ने किया कृषि उपज मंडी का निरीक्षण, सुनीं किसानों की समस्याएं



**हरपालपुर, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी प्रांगण में खरीफ़ सीजन की फसलें बेचने आ रहे किसानों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार नौगांव ने निरीक्षण किया। तहसीलदार संदीप तिवारी ने नीलामी प्रांगण में व्यापारियों द्वारा किसानों की उपज की नीलामी की जानकारी ली। साथ ही मौके पर उपस्थित किसानों समस्याओं को सुना। उपस्थित व्यापारियों एवं किसानों ने मंडी प्रांगण में आने वाली समस्या बतलाई। नीलामी प्रक्रिया के दौरान कृषि उपज मंडी के कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वो पोर्टेबिल साउंड की व्यवस्था करें जिससे किसानों को नीलामी के दौरान व्यापारियों द्वारा बोली लगाने की आवाज स्पष्ट सुनाई दे साथ ही किसानों से कहा कि नीलामी के दौरान वो अपने ट्रैक्टर ट्रॉली पर खड़े रहें। व्यापारियों द्वारा बताया गया कि किसानों द्वारा ट्राली में उपज लाने से मिट्टी कचरा नीचे आ जाता है। नीलामी प्रक्रिया के दौरान वो समझ नहीं आता है। किसान की उपज खरीदने के पश्चात जब तौल के लिये ढेर करवाते हैं तब समझ आता है जिससे अक्सर किसानों से विवाद की स्थिति निर्मित होती है। तहसीलदार ने मंडी में जल्द किसानों की उपज के खुले ढेर लगाने का आश्वासन व्यापरियों को दिया। कृषि उपज मंडी में इस समय मूंगफली की बंपर आवक हो रही है। रोजाना सैकड़ों की संख्या में किसान हरपालपुर कृषि उपज मंडी पहुँच रहे हैं। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार संदीप तिवारी ने कहा कि विश्राम गृह एवं टीन शेड किसानों के उपयोग के लिये उपलब्ध कराए जाएं। मंडी में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही आनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार संदीप तिवारी, पटवारी आशीष पांडेय, कृषि उपज मंडी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शीलिंग पब्लिक स्कूल के छात्र तृतीय स्थान पर रहे



**छतरपुर, देशबन्धु।** विद्यालय शीलिंग पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कीर्तिमान स्थापित किया है। क्रीड़ा शिक्षक प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि सेपकटेकरा खेल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों में शगुन मिश्रा, हर्षिता अहिरवार, अनुष्का कुशवाहा, प्रगति दुबे और श्रुति पाण्डेय ने नाम रोशन किया है। इसके अतिरिक्त जूडो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शीलिंग पब्लिक स्कूल के अजमत राईन तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के एमडी संजीव आर नगरिया एवं उप प्राचार्य ख्याति चतुर्वेदी ने समस्त खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रमाण पत्र वितरित किए।

### वरिष्ठों ने बनाई अनोखी संस्था

# हम 60 के साथ-साथ हैं



**छतरपुर, देशबन्धु।** गांधी आश्रम में गत दिवस वरिष्ठ नागरिकों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में ऐसे लोगों को बुलाया गया जिनके बच्चे बाहर नौकरी कर रहे हों या पढ़ाई कर रहे हों और मां-बाप अकेले घर पर रह रहे हों।

बैठक का उद्देश्य था कि घर पर अकेले रह रहे मां-बाप की मन स्थिति बहुत खराब रहती हैं। हमेशा तनाव में रहते हैं मन में यह चिंता भी बनी रहती है कि हमें कुछ हो गया तो हमारे साथ कोई नहीं है हमारी सहायता के लिए कोई नहीं है हम अकेले हैं। इस अकेलेपन के तनाव से दूर करने के लिए यह संस्था बनाई गई। इसमें जितने भी सदस्य होंगे वे एक परिवार जैसे रहेंगे। सभी अलग-अलग घर में भले ही रह रहे हों लेकिन सब एक दूसरे से जुड़े रहेंगे और अपने सुख-दुख में भागीदारी बने रहेंगे। सबको यह महसूस हो कि वे अकेले नहीं है सब लोग साथ हैं। सभी मोबाइल से जुड़े रहेंगे और व्हाट्स एप में सक्रिय रहेंगे।

बैठक में सभी सदस्यों ने विचार व्यक्त किए और मदद के लिए कुछ युवाओं को भी जोडऩे की बात कही जो हमेशा मदद के लिए तैयार रहें। इस सेवा के लिए सेवा ही संकल्प समिति ने सहमति दी।

संस्था के केएन सोमन ने बताया कि बैठक में जो लोग आए उन्हें इस संस्था के बारे में जानकारी दी गई और अधिक लोगों को जोडऩे के लिए सभी लोगों से प्रयास करने को कहा गया। अगली बैठक गांधी आश्रम में 24 नवंबर को शाम 4 बजे से होगी। इस संस्था की विशेषता यह है कि इस संस्था में कोई पद या पदाधिकारी नहीं है।

बैठक में आरके मिश्रा, डॉ एमके तिवारी, आशा तिवारी, अरविंद खरे, अभिलाषा खरे, हरि ओम अग्रवाल, संतोष कुमार गुप्ता, लखन लाल असाटी, केएन सोमन, विमला सोमन, दिनेश कुमार खरे, संध्या श्रीवास्तव, स्मिता जैन, रहाना अंसारी, राजेंद्र कुमार खरे, रचना खरे और दमयंती पानी आदि ने भाग लिया।

### झूठे वादे नहीं छतरपुर को देंगे मजबूत विकास

# हर घर से रिश्ता निभाया है, निभाते रहेंगे : चतुर्वेदी



*__छतरपुर, देशबन्धु।__ छतरपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया ने कहा कि उन्होंने विगत पांच वर्षों के अपने कार्यकाल के दौरान छतरपुर के हर घर तक जाकर आम जनता से परिवार जैसा रिश्ता निभाया है। छतरपुर की जनता पेयजल से लेकर अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं, जरूरतमंदों को निश्शुल्क भोजन, गरीब बेटियों के विवाह, युवाओं के लिए बड़े आयोजन करने का काम किया है। शासन से संघर्ष कर पांच वर्षों में क्षेत्र के विकास की लड़ाई भी लड़ी है। अब जनता को हमारी सेवाओं का मूल्यांकन करना है। विधायक ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि जनता हमारी सेवा नीति पर अपने विश्वास की मुहर लगाएगी।*

*विधायक आलोक चतुर्वेदी ने 26 अक्टूबर को शहर के कोतवाली से छत्रसाल चौक तक एवं ग्रामीण क्षेत्र में पठापुर, राजापुरवा, हतना, नारायणपुरा और टुरया में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान जनता ने अपने लाड़ले विधायक विधायक का पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर आलोक चतुर्वेदी ने जनता को भरोसा दिलाया कि वे भाजपा की तरह झूठे वादे नहीं करते बल्कि ठोस काम पर यकीन करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही वे छतरपुर विधानसभा के 10 हजार युवाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का काम करेंगे।*

### भाजपा नेता रवि त्रिपाठी कांग्रेस में शामिल



गुरूवार को भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के करीबी कहे जाने वाले रवि त्रिपाठी ने कांग्रेस की सदस्यता ले ली। भारतीय जनता पार्टी के टिकिट वितरण से नाराज रवि त्रिपाठी के द्वारा पार्टी पर लुटेरे और बदमाशों को संरक्षण देने के आरोप लगाते हुए भाजपा को त्याग पत्र भेज दिया गया था। उन्होंने गुरूवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ छतरपुर विधायक एवं प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया के निवास पर पहुंचकर कांग्रेस के समर्थन का ऐलान कर दिया। इस मौके पर विधायक आलोक चतुर्वेदी ने उन्हें कांग्रेस की पट्टी पहनाकर कांग्रेस में उनका स्वागत किया।

सागर, शुक्रवार 27 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## राहुल-सत्यपाल वार्ता से उभरती सियासी तस्वीर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का बुधवार को लिया गया साक्षात्कार अगर जमकर वायरल हो रहा है तो सिर्फ इसलिये नहीं कि इससे कई नये खुलासे हुए हैं और कुछ पुराने तथ्यों की पुष्टि हुई है, वरन इसलिये भी कि वह देश की भावी राजनैतिक तस्वीर को भी बयां कर रहा है। दोनों ही दो अलग-अलग पीढ़ियों तथा एकदम भिन्न किस्म की राजनीति का प्रतिनिधित्व करते हैं लेकिन दोनों के बीच कुछ समानताएं भी हैं जो इस बातचीत को महत्वपूर्ण बनाते हैं। सबसे बड़ी समानता तो यह है कि दोनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बेखौफ़ लड़ रहे हैं और मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी की कार्यपद्धति का जमकर विरोध कर रहे हैं। राहुल के एक सवाल के जवाब में मलिक का यह कहना कि 'चुनाव में सिर्फ 6 महीने रह गये हैं। मैं लिखकर दे रहा हूं कि अब मोदी सरकार नहीं आयेगी,' इस बात की पुष्टि करता है कि जो राजनैतिक घटनाक्रम ज़मीन पर होता दिख रहा है और उसके मुताबिक लोग जो सत्ता परिवर्तन का अनुमान लगा रहे हैं, वैसा होने जा रहा है। सत्यपाल मलिक द्वारा राहुल की इस बात के लिये तारीफ करना भी वे (राहुल) निस्वार्थ भाव से सत्ता परिवर्तन की लड़ाई लड़ रहे हैं, एक तरह से पुरानी पीढ़ी के एक ईमानदार नेता द्वारा राहुल के संघर्ष का गौरवगान है।

मलिक ने पुलवामा के उस घटनाक्रम को एक बार फिर दोहराया जिसमें 14 फरवरी, 2019 को सड़क मार्ग से जा रहे केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गये थे। जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल मलिक ने साफ किया था कि यह सरकार की गलती से हुआ है क्योंकि सीआरपीएफ द्वारा उन्हें ले जाने के लिये हवाई जहाज मांगे गये थे जो मुहैया नहीं कराये गये थे। इसके चलते उन्हें सड़क मार्ग से ले जाया गया था। रास्ते में कोई सुरक्षा नहीं थी जो अमूनन ऐसे काफिले के गुजरने के वक्त की जाती है। मलिक ने पहले की तरह फिर से बताया कि उस वक्त मोदी जिम कार्बेट पार्क में शूटिंग कर रहे थे। बाद में जब उनसे और सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से बात हुई तो उन्हें चुप रहने को कहा गया था। राहुल ने भी बताया कि पहले उन्हें भी एयरपोर्ट पर लाये गये शहीदों के शवों को श्रद्धांजलि के लिये जाने से मना किया गया था। बाद में हवाई अड्डे पर उन्हें एक कमरे में बंद रखा गया था। राहुल ने आशंका जताई कि इस खुलासे के बाद मलिक के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की जांच हो सकती है, मलिक ने कहा कि वे इसकी परवाह नहीं करते।

बातचीत में दोनों नेताओं का एक दूसरे के लिये आदर साफ झलक रहा था। राहुल ने जब उनके राजनैतिक कैरियर की शुरुआत के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जरिये वे इसमें आये थे। जब राहुल ने चरण सिंह की शख्सियत के बारे में जानना चाहा तो मलिक का कहना था कि वे सरल व ईमानदार व्यक्ति थे। उल्लेखनीय है कि 1977 में बनी जनता पार्टी की सरकार करीब ढाई वर्ष चलकर गिर गई थी तब कांग्रेस के समर्थन से चौधरी पीएम बने थे- केवल 5 माह के लिये। इंदिरा गांधी द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। उनका आरोप था कि इंदिरा उनके खिलाफ आपातकाल संबंधी मामलों को समाप्त करने का दबाव डाल रही थी। उन्होंने दबाव में आने की बजाय त्यागपत्र देना बेहतर समझा था। देश के संसदीय इतिहास के इन काले पन्नों के बावजूद राहुल और सत्यपाल में इसे लेकर कोई कड़वाहट नहीं दिखी। दोनों ने चरण सिंह को लेकर सहजतापूर्वक बातचीत की। राहुल ने उनसे यह जानना चाहा कि लोग पद पाने के लिये इतने लालायित क्यों होते हैं, मलिक ने कहा कि राजनीति पहले देश सेवा थी जो अब व्यवसाय बन गई है। उन्होंने राहुल की इसलिये तारीफ की कि वे ऐसे वक्त में एक अपवाद है जो उन्हें सबसे अलग बनाता है। दोनों के बीच किसान आंदोलन, न्यूनतम समर्थन मूल्य, जातिगत जनगणना आदि को लेकर भी विस्तार से बातचीत हुई जिसमें दोनों नेताओं के बीच वैचारिक समानता दिखाई पड़ी जो इस बात के संकेत हो सकते हैं कि भविष्य में दोनों को एक दूसरे का साथ मिलता रहेगा। अगर ऐसा होता है तो यह मोदी और भाजपा के लिये ज्यादा मुश्किलों वाले दिन हो सकते हैं क्योंकि ये दोनों (राहुल-सत्यपाल) मोदी सरकार के कट्टर आलोचक हैं। जहां एक ओर राहुल मोदी राज के कथित भ्रष्टाचार, खासकर प्रधानमंत्री के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के साथ संबंधों पर लगातार सवाल उठाते रहे हैं, उसी तर्ज़ पर मलिक भी कह चुके हैं कि केन्द्र द्वारा लाये गये तीन कृषि कानून, जो किसानों के विरोध के चलते सरकार को वापस लेने पड़े थे, अदानी के लाभ के लिये ही लाये गये थे।

राहुल-सत्यपाल के बीच का यह वार्तालाप न केवल कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन के भविष्य में और मजबूत होने की ओर इशारा करता है वरन यह भी बतलाता है कि कई दलों के साथ रहने के बावजूद अपनी ईमानदारी के कारण सम्मानित सत्यपाल मलिक जैसे नेता लोकसभा चुनावों के वक्त खुले आम कांग्रेस-इंडिया का साथ देकर प्रतिपक्ष को और मजबूती प्रदान करेंगे। मलिक का यह कहना कि 'यह सरकार जा रही है', उसी दावे की पुष्टि है जो राहुल गांधी भी करते आ रहे हैं और जिसकी वे कोशिश कर रहे हैं।

# राजस्थान में रवायत बदल जाएगी इस बार?

राजस्थान में मतदान की तारीख़ '25 नवंबर' है और अब तक न कांग्रेस और न भारतीय जनता पार्टी के सारे उम्मीदवारों के नाम तय हो पाये हैं। होता यूं है कि टिकट मिलते ही जीत का रास्ता नहीं खुलता, बगावत का बिगुल बज जाता है। इससे जूझते हुए दोनों ही पार्टियां आगे बढ़ने की कोशिश कर रही हैं और इन सबसे बड़ा सवाल सर उठा रहा है कि राजस्थान का गढ़ कौन जीतेगा? प्रदेश में बीते 30 वर्षों से जनता एक बार कांग्रेस एक बार भाजपा की सरकार बना रही है। यहां के बच्चे जो अब जवान हो चुके हैं उन्हें दो ही मुख्यमंत्रियों के नाम याद हैं- अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे सिंधिया। पिछली बार जब वसुंधरा राजे चुनाव लड़ रहीं थीं, प्रदेश में एक नारा चला था- 'मोदी तुझसे बैर नहीं, वसुंधरा तेरी खैर नहीं।' नारे चलते रहते हैं लेकिन नतीजों में यह सच भी हो गया। वसुंधरा राजे दोबारा सरकार नहीं बना पाईं। भाजपा ने इसी नारे को इस बार अपना ध्येय वाक्य बना लिया जिसका नतीजा ये हुआ कि इस बार राजस्थान का चुनाव सीधे-सीधे अशोक गहलोत बनाम नरेंद्र मोदी हो गया है। यह चुनाव दो स्थानीय नेताओं के बीच नहीं बल्कि सीएम और पीएम के बीच है। राजस्थान में 25 में से 24 सांसद भाजपा के हैं। कांग्रेस का एक भी सांसद नहीं। जीत का जोश भी शायद इसी संख्या से आता है। यहीं से प्रेरणा लेकर भाजपा ने अपने सात नेताओं की सांसदी को विधायकी में बदलने का फैसला कर लिया है। क्या वाक़ई इन फैसलों और मोदी की लोकप्रियता का लाभ पार्टी को मिलेगा या अंततः विभाजन की राजनीति ही टेका लगाएगी?

एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस की सरकार बनाने वाला राजस्थान का वोटर बहुत बुद्धिमान है और वह किसी के बहकावे में नहीं आता। वह निरंतर विकास चाहता है। यही वजह है कि बीमारू प्रदेशों में वह बेहतर हुआ है। जानना दिलचस्प होगा कि इस बार उसे कौन भा रहा है। अशोक गहलोत सरकार का पिछले कुछ महीनों से तो यह हाल है कि वे हर रोज़ किसी नई योजना या फिर घोषणा के साथ हाज़िर हो जाते हैं। चिरंजीवी योजना के तहत 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा, पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) की बहाली, महिलाओं को कनेक्शन के साथ मोबाइल फोन देना और हर बिल पर पहले 100 यूनिट बिजली मुफ्त देने का असर साफ़ देखा जा सकता है। जिन लोगों की सरकारी योजनाओं में कोई आस्था नहीं रही, उन्होंने भी मुफ्त बिजली और अच्छे इलाज की चाहत में राजस्थान सरकार के जनाधार नंबर से खुद को जोड़ लिया है। निजी अस्पतालों को भी इस योजना में शामिल करना बेहतरीन सोच है लेकिन इसमें अड़चनें भी आ रही हैं। इसकी तुलना में राजस्थान शासकीय स्वास्थ्य योजना के तहत अच्छी सुविधा राज्य के कर्मचारियों को मिल रही है। कहा जा सकता है कि राज्य सरकार के कर्मचारियों को तो इस बार साध लिया गया है। एक और अच्छी पहल थी जिसे लागू करने में भी व्यवहारिक दिक्कतें रही हैं। इसके तहत सड़क पर घायलों को किसी भी प्राइवेट हॉस्पिटल में तुरंत चिकित्सा मुहैया करानी थी। अक्सर कई मरीज़ सरकारी औपचारिकताओं के चलते और इलाज के अभाव में दम तोड़ देते हैं। इस कायदे का दम भी टूटता हुआ ही नज़र आता है क्योंकि निजी अस्पताल इस हक़ में नहीं हैं जबकि 2022 में स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम (राइट टू हेल्थ बिल) पास करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया था। कानून और व्यवस्था को मज़बूत करने में भी सरकार का ध्यान कम ही रहा। जैसी सक्रियता स्वास्थ्य के लिए रही वैसी कानून के लिहाज़ से भी होती तो राजस्थान की कहानी और बेहतर हो सकती थी। तब क्या रास्ता भाजपा के लिए आसान है?

राजस्थान की शहरी जनता के बड़े हिस्से को इस बात से ज़्यादा फर्क नहीं पड़ता कि वोट मोदी के नाम पर मांगा जा रहा है। उसे लगता है कि किसी भी स्थानीय नेता में वैसा चुम्बक नहीं जैसा कि मोदी जी में है। वसुंधरा राजे पूरे राजस्थान में लोकप्रिय हैं लेकिन मोदी ही हैं जो राजस्थान में पार्टी की नैया पार लगा सकते हैं। इस विमर्श के हिसाब से मध्यप्रदेश में 18 साल के शिवराज सिंह चौहान शासन के दूसरी तरफ भी मोदी ही हैं क्योंकि इस बार वे भी हाशिये पर हैं। गहलोत के ख़िलाफ़ भी मोदी और शिवराज के खिलाफ भी। यह दिलचस्प है कि प्रदेश में कोई भी नेता या विश्लेषक गहलोत सरकार के लिए 'एंटी इंकम्बेंसी' की बात नहीं कर रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो नाराज़गी वाला बड़ा वोट नहीं है कि मतदाता गुस्से में है और बाज़ी पलट देगा। सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए आतुरता की कमी ही भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। इस चुनौती से निपटने के लिए भाजपा की केंद्रीय योजनाओं के अलावा प्रधानमंत्री की विदेश में साख को भी वोटर अच्छा बताते हैं। पार्टी के पास एक बड़ा अस्त्र है जिसे वह समय-समय पर धार देती रहती है और राजस्थान को भी अलग नहीं रखा गया है। यूं प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में साफ़ कह दिया है कि वे राजस्थान सरकार की वर्तमान योजनाओं को बंद नहीं करेंगे और मतदाता को सिर्फ़ कमल का फूल देखना चाहिए। यह सोच किसी बड़े 'शिफ्ट' का संकेत है कि पांच साल में रोटी पलटने की रवायत के बावजूद पार्टी आश्वस्त नहीं है।

कर्नाटक से पहले गुजरात और पश्चिम बंगाल में भी मोदी ही पार्टी का चेहरा थे लेकिन केवल गुजरात में ही सफलता मिली। पार्टी का यह मज़बूत विचार है कि असफल चेहरों को दृश्य से गायब कर दो तो सफलता मिलती है। गुजरात में तो मुख्यमंत्री से लेकर तमाम मंत्रियों के ही चेहरे गायब हो गए। यह मॉडल खूब सफल रहा। कर्नाटक में 19 रैलियों और छह रोड शो के बावजूद भाजपा की सरकार बची नहीं रह सकी और बंगाल में दीदी तीसरी बार भी अपनी गद्दी बचने में कामयाब रहीं। तब क्या राजस्थान में यह असफल चेहरा वसुंधरा राजे थीं? शुरुआत में पार्टी ने ऐसा ही माना था लेकिन दूसरी सूची में गलती सुधार ली। उनके हिसाब से टिकट भी मिले और उन्हें कुछ तवज्जो भी। चर्चा यह भी है कि अब जयपुर के पूर्व राजघराने की राजकुमारी दीया कुमारी को पार्टी आगे लाना चाहती हैं। वे राजसमंद से सांसद हैं और अब पार्टी ने उन्हें जयपुर की एक सीट से विधायक का टिकट दिया है। जयपुर से ही सांसद राज्यवर्धन भी अब विधायकी की दौड़ में शामिल हैं। यूं वसुंधरा राजे के आगे दीया कुमारी फिलहाल एक कमज़ोर चयन इसलिए भी हैं कि वसुंधरा राजपूती विरासत के साथ गुर्जर बहू होकर कई चुनावी गणित साध लेती हैं। उनकी भाषा और वेशभूषा उन्हें हर वर्ग में स्वीकार्य बनाती हैं। वे एक चुनरी से ही अपना कनेक्ट जनता, खासकर महिलाओं से बना लेती हैं। इस बार उनके मतदाताओं को पता है कि वे मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं हैं तब फिर कौन और क्या मुद्दे हैं जो रण जितवाएंगे।

पिछले महीने जयपुर में एक अठारह साल के लड़के इकबाल की हत्या हो गई। भीड़ ने उसे पीट-पीट कर मार डाला। यूं राजस्थान अपने लोक संगीत, साहित्य और कलात्मक अभिरुचि वाली कई खूबियों के साथ सांप्रदायिक तौर पर बेहद सद्भावी प्रदेश है। तमाम सम्प्रदाय यहां मिल-जुलकर रहते हैं। मलिक मोहम्मद जायसी की पद्मावत (1540) जन-जन में लोकप्रिय है। अकबर के सेनापति मानसिंह रहे तो हाकिम खां महाराणा प्रताप के। वीरता के साथ सद्भाव की बेहतरीन गाथा इस प्रदेश ने लिखी है। 'धरती सुरगा री..' यह गीत तारा प्रकाश जोशी ने इस धरती के सौंदर्य और सद्भाव के लिए ही लिखा है। उस दिन इकबाल और उसका भाई दोनों बाइक पर सवार थे कि सड़क पर कहा-सुनी हो गई। भाई तो जान बचाकर भाग गया लेकिन इकबाल को भीड़ ने मार दिया। हो सकता है कि दुर्घटना के बाद इक़बाल ने अपशब्द कहे हों लेकिन उसकी जान ले ली जाए, यह दुखद था। गहलोत सरकार ने बतौर मुआवज़े पचास लाख रूपए और परिजन को नौकरी देने की घोषणा की। शहर में व्यापारियों के एक हिस्से ने बड़ा प्रदर्शन करते हुए इसे तुष्टिकरण का नाम दिया। कहा गया कि पुलिस हिंदुओं को परेशान कर रही है, उन्हें जबरन गिरफ्तार किया जा रहा है। जो भी हो, कानून इतना सशक्त होना चाहिए कि जांच पर सबका भरोसा हो।

विकास के मुद्दों पर ये मुद्दे हावी हैं। उदयपुर में दर्ज़ी कन्हैया लाल की हत्या भी नफरत का नतीजा थी। जोधपुर का दंगा भी। सरकार की पकड़ कानून व्यवस्था पर होनी चाहिए। अपराधियों को पकड़ने में भी और अपराध न हों उसमें भी। विकास के तमाम सुरीले सुरों के बीच नफ़रत के ये बेसुरे बोल का सर क्यों उठना चाहिए था? सरकार की जनकल्याण की नीतियों की सराहना के बीच तुष्टिकरण का मुद्दा जगह बना रहा है। बहुत दुखद होगा जो चुनाव विकास बनाम सांप्रदायिकता में बदल गया तब कोई दल जीतेगा या हारेगा लेकिन यहां के रंग उदास और किलों के कंगूरे सूने पड़ जाएंगे।

राजस्थानी डिंगल कविता का अपना तेज है जिसने सामाजिक जनजागृति के साथ संकट के समय अंग्रेज़ सत्ता के ख़िलाफ़ भी सबको एक करने का काम किया था। इस दौर में जब इंसान मृत देह में भी मज़हब ढूंढ रहा है, मनुज देपावत की डिंगल कविता की ये पंक्तियां बहुत मायने रखती हैं-

ऐ इंकलाब रा अंगारा, सिलगावे दिल री दुखी हाय।
अब छांट्या-छिड़किया नहीं बुझेला जो डूंगर लागी आज लाय।
इक दिन ऐड़ो आवैला धोरां री धरती धूजैला।
ऐ सदा पत्थरां रा सेवग पण आज मिनख नैं पूजैला।

अर्थ- मिट्टी के पुतलों को इंसान बनाने आया हूं। इंकलाब के अंगारे अब दिल में दहक रहे हैं और ये छींटों से नहीं बूझने वाले। देश का भाग उस दिन जागेगा जिस दिन पत्थरों की बजाय इंसान की पूजा होगी।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस की सरकार बनाने वाला राजस्थान का वोटर बहुत बुद्धिमान है और वह किसी के बहकावे में नहीं आता। वह निरंतर विकास चाहता है। यही वजह है कि बीमारू प्रदेशों में वह बेहतर हुआ है। जानना दिलचस्प होगा कि इस बार उसे कौन भा रहा है। अशोक गहलोत सरकार का पिछले कुछ महीनों से तो यह हाल है कि वे हर रोज़ किसी नई योजना या फिर घोषणा के साथ हाज़िर हो जाते हैं।**

# मिजोरम के मुख्यमंत्री ने दिया भाजपा को जबरदस्त झटका

■ आशीष विश्वास

यह कोई रहस्य नहीं है कि पूर्वोत्तर भारत में अधिकांश ईसाई संगठन और समुदाय के नेता मणिपुर में हाल ही में भड़की जातीय हिंसा को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से नाराज हैं। यह वर्तमान में इस क्षेत्र में टिकाऊ राजनीतिक एकीकरण की चाह रखने वाली भगवा पार्टी की दीर्घकालिक योजनाओं के लिए एक झटका है।

नागालैंड से लेकर त्रिपुरा तक, ईसाई समुदाय के नेताओं और समूहों ने केन्द्र और राज्य सरकार की निंदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जो देख रहे हैं कि कैसे ये सरकारें मणिपुर में हिंसा के बाद की अवधि के दौरान कुकी, ज़ो, और अन्य जनजातियों को हाशिए पर रखने के लिए जानबूझकर आधिकारिक कदम उठा रहे हैं। अब मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा ने बीबीसी को दिये अपने एक साक्षात्कार के दौरान भाजपा के प्रति कड़ा आलोचनात्मक रुख अपनाते हुए उग्र राजनीतिक विवाद में नया ईंधन डाल दिया है।

ज़ोरमथांगा की इस स्पष्ट घोषणा पर स्थानीय स्तर पर काफी आश्चर्य हुआ है कि वह चल रहे चुनाव प्रचार अभियान के हिस्से के रूप में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ किसी भी संयुक्त सार्वजनिक रैली को संबोधित नहीं करेंगे। एक विदेशी चैनल के सामने इस तरह की घोषणा करना हर किसी को मंजूर नहीं है, जिसके कथित 'पक्षपातपूर्ण कवरेज' को लेकर दिल्ली के अधिकारियों के साथ अपनी समस्याएं थीं।

श्री मोदी अक्टूबर के अंत तक मिजोरम यात्रा पर जाने वाले हैं। उन्हें यह जानकर खुशी नहीं होगी कि स्पष्टीकरण के माध्यम से, मिज़ो नेता ने कुछ हद तक विस्तार से कहा था कि पड़ोसी मणिपुर में चर्चों और ईसाइयों पर हमले उनके राज्य के लिए भी बुरे थे। इसलिए, इस स्तर पर संयुक्त रैलियां आयोजित करना अच्छा विचार नहीं होगा और एमएनएफ अपने स्वयं के अभियान कार्यक्रम का पालन करेगा।

स्थिति न तो मिज़ो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) पार्टी के लिए अच्छी दिखती है, जिसका मुख्यमंत्री नेतृत्व करते हैं और न ही भाजपा के लिए, जिसके साथ वह राज्य के प्रशासनिक प्रमुख के रूप में राजनीतिक रूप से जुड़े हुए हैं। राज्य में 7 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। दोनों पार्टियां केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की सहयोगी हैं। लेकिन मिजोरम के संदर्भ में, बड़ी पार्टी के रूप में एमएनएफ की ही चलती है।

हालांकि, ज़ोरमथांगा की टिप्पणियों के स्थानीय पूर्वोत्तर-आधारित मीडिया कवरेज ने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के समर्थकों को बहुत खुश नहीं किया है। एमएनएफ ने लगातार कांग्रेस का विरोध किया है, यह रुख उसने वर्तमान चुनाव पूर्व अभियान चरण के दौरान भी दोहराया है।

मणिपुर में प्रमुख मैतेई और कुकी समूहों के लोगों से जुड़ी प्रमुख जातीय हिंसा फैलने से बहुत पहले, एमएनएफ ने राज्य के शासन से संबंधित मामलों में बड़ी पार्टी होने को नाते भाजपा के मुकाबले अपनी लगभग स्वतंत्र लाइन अपना रहा है। केंद्र ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में राज्य सरकारों को विशेष रूप से निर्देश दिया था कि वे म्यांमार में सत्तारूढ़ सेना जुंटा और पश्चिम की समर्थक नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट (एनयूजी) के बीच गृहयुद्ध के मद्देनजर म्यांमार से भारत में आने वाले शरणार्थियों को प्रोत्साहित न करें।

केंद्र के निर्देश का मिजोरम के लिए विशेष महत्व था, जहां से भागे हुए बड़ी संख्या में बर्मी आदिवासी शरणार्थियों को पहले विभिन्न शिविरों में आश्रय दिया गया था और बाद में उनकी संख्या बढ़ने पर उन्हें कहीं और स्थानांतरित कर दिया गया था। ज़ोरमथंगा के नेतृत्व में एमएनएफ ने नई स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली से अधिक वित्तीय और अन्य सहायता के लिए बार-बार दबाव डाला, क्योंकि ये शरणार्थी जल्दी घर नहीं लौट सकते थे।

ऐसा आरोप है कि एनडीए सरकार ने कुछ प्रारंभिक मदद भेजने के बाद, ऐज़वाल के अधिक सहायता के अनुरोध का जवाब नहीं दिया। पूर्वोत्तर भारत की मीडिया रपटों के अनुसार, स्थानीय चर्च अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों, आम लोगों और विदेशी दानदाताओं ने शरणार्थियों की मदद की।

वर्तमान में, कुछ अनुमानों के अनुसार मिजोरम में राहत सुविधाओं का आनंद ले रहे लोगों की संख्या लगभग 45,000 है। 3 मई से शुरू हुई और कई महीनों तक जारी रहने वाली जातीय समस्याओं के बाद मणिपुर से कुकी और अन्य जनजातियों के मिज़ोरम में बड़े पैमाने पर आगमन के बाद यह संख्या बढ़ गई है।

मिजोरम के अधिकारियों ने अक्सर मीडियाकर्मियों को समझाया है कि उन्होंने शरणार्थियों की आमद से निपटने के लिए केवल दिल्ली द्वारा स्थापित प्रक्रियाओं का पालन किया है।

बांग्लादेश के उदय से पहले 1970-71 में भारत सरकार ने लाखों विस्थापित पाकिस्तानी नागरिकों को भारत में रहने में मदद की थी। राज्य सरकार ने केंद्र को बताया कि एमएनएफ म्यांमार के शरणार्थियों के साथ भी यही काम कर रहा था, जिनमें से कई मिज़ो समुदाय से सामाजिक/जातीय रूप से रक्त/सांस्कृतिक संबंधों से संबंधित थे। इसने अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी उठाना जारी रखा क्योंकि म्यांमार में अशांति समाप्त होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे थे।

पर्यवेक्षकों ने यह समझाते हुए कि एमएनएफ और भाजपा के बीच मतभेदों से विपक्ष को मदद क्यों नहीं मिलेगी, इशारा किया कि आर्थिक विकास के सवाल पर मिज़ो सहित क्षेत्र में आदिवासी समुदायों के बीच मतभेद हैं। महत्वाकांक्षी, शिक्षित युवा आदिवासियों का एक वर्ग पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए बुनियादी ढांचे, पर्यटन या संबंधित क्षेत्र में नई विकास परियोजनाओं के पक्ष में था, जो एनडीए सरकार द्वारा प्रस्तावित थे। मोटे तौर पर, वे खुद को स्थानीय परियोजनाओं से जोड़ते थे, जबकि आम तौर पर संसद के अंदर और बाहर राष्ट्रीय मुद्दों पर एनडीए का समर्थन करते थे।

दूसरी ओर, क्षेत्र में ईसाइयों के बीच अधिक रूढ़िवादी समूह रेलवे के विस्तार से लेकर जलविद्युत उत्पादन तक, सभी नयी परियोजनाओं का विरोध करने लगे, खासकर यदि वे एनडीए द्वारा प्रायोजित हों। मेघालय एक ऐसा क्षेत्र था जहां आर्थिक विकास के लिए प्रस्तावित अधिकांश परियोजनाओं पर स्थानीय लोगों का विरोध हाल के वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र में सबसे मजबूत रहा है।

मेघालय, भारत के सबसे खूबसूरत हिल स्टेशनों में से एक, शिलांग का घर होने के बावजूद, वर्तमान में पूर्वोत्तर क्षेत्र का सबसे गरीब राज्य है!

**बांग्लादेश के उदय से पहले 1970-71 में भारत सरकार ने लाखों विस्थापित पाकिस्तानी नागरिकों को भारत में रहने में मदद की थी। राज्य सरकार ने केंद्र को बताया कि एमएनएफ म्यांमार के शरणार्थियों के साथ भी यही काम कर रहा था, जिनमें से कई मिज़ो समुदाय से सामाजिक/जातीय रूप से रक्त/सांस्कृतिक संबंधों से संबंधित थे। इसने अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी उठाना जारी रखा।**

## पावन प्रसंग

# मानव जीवन का लक्ष्य

मनुष्यों और पशु-पक्षियों की तुलना करते हुए शास्त्रकार ने लिखा है-'ज्ञानं हि तेषांधिको विशेषः।' अर्थात आहार-विहार, भय, निंद्रा, कामेच्छा की दृष्टि से मनुष्य और पशु में कोई विशेष अंतर नहीं पया जाता। शारीरिक बनावट में भी कोई बड़ी असमानता दिखाई नहीं पड़ती। खाने-पीने, चलने, उठने-बैठने, बोलने अन्य शारीरिक नित्यक्रिया के सभी साधन पशु और मनुष्यों की प्रायः एक जैसे ही मिलेहैं, पर मनुष्य में कुछ विशेषताएं उन प्राणियों से भिन्न हैं। उसकी रहन-सहन की रुचि, उचित-अनुचित का भय, भाषा-भाव आदि कितनी ही विशेषताएं यह सोचने को विवश-करती हैं कि वह इस सृष्टि का श्रेष्ठ प्राणी है। उसकी रचना किसी उद्देश्य पर आधारित है।

मनुष्य का प्रत्येक कार्य विचारों से प्रेरित होता है। यह भी कहा जा सकता है कि मनुष्य को विचारशक्ति इसलिए मिली है कि उचित-अनुचित को ध्यान में रखकर वह सृष्टि-संचालन को सहयोग देता रहे। जो केवल खाने-पीने और मौज उड़ाने की ही बात सोचते हैं, इसी को जीवन का श्रेय मानते हैं, उनमें और मनुष्येतर पशुओं-पक्षियों तथा कीट-पतंगों में अंतर कहां रहा? ये क्रियाएं तो पशु भी कर लेते हैं। विचारबल संसार का सर्वश्रेष्ठ बल है। विचार शक्ति का सूचक है। पशु निर्विचार होते हैं, इसलिए वे परस्पर अपनी भावनाओं का आदान-प्रदान नहीं कर सकते, उनकी कोई लिपि नहीं, भाषा नहीं। किसी प्रकार का संगठन बनाकर अपने प्रति किए जा रहे अत्याचारों का वे प्रतिकार नहीं कर सकते। इसीलिए शारीरिक शक्ति में मनुष्य से अधिक सक्षम होते हुए भी वे पराधीन हैं। विचारशक्ति के अभाव में उनका जीवनक्रम एक बहुत छोटी सीमा में अवरुद्ध बना पड़ा रहता है।

विशृंखलित, ऊबड़-खाबड़ धरती को क्रमबद्ध व सुसज्जित रूप देने का श्रेय मनुष्य को है। घर, गांव, शहर, देश आदि की रचना सुविधा और व्यवस्था की दृष्टि से कितनी अनुकूल है। अपनी इच्छाएं, भावनाएं दूसरों से प्रकट करने के लिए भाषा- साहित्य और लिपि की महत्ता किसी से छिपी है? आध्यात्मिक अभिव्यक्ति और सांसारिक आह्लाद प्राप्त करने के लिए कला-कौशल, लेखन, प्रकाशन की कितनी सुविधाएं आज उपलब्ध हैं। यह सब मनुष्य की विचारशक्ति का परिणाम है। मनुष्य को ज्ञान न मिला होता तो वह भी रीछ- बंदरों की तरह जंगलों में घूम रहा होता। सृष्टि को सुंदर रूप मिला है तो वह मनुष्य की विचारशक्ति का ही प्रतिफल है। विचारों का उपयोग निस्संदेह अतुल्य है।

विचारों की विशिष्ट शक्ति का स्वामी होते हुए भी मनुष्य का जीवन निरुद्देश्य गिखाई दे तो इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा। जिसके कार्यों में कोई सूझ न हो, विशिष्ट आधार न ाहो, उस जीवन को पशु जीवन कहें तो इसमें अतिशयोक्ति क्या है? हवाई जहाज निराधार आकाश में उड़ता है। अभीष्ट स्थान तक पहुंचकर उसे निर्देश न मिलता रहे तो वह कही से कहीं भटक जाएगा। कुतुबनुमा की सुई वायुयान चालक को स बताती रहती है कि उसे किस दिशा में चलना है? इस निर्देश के आधार पर ही वह सैकड़ों मील का सफर पार कर लेता है। प्रत्येक पाकृतिक पदार्थ किसी न किसी उद्देश्य से निर्मित है।

मानव जीवन की महत्ता इस पर है कि हम वर्तमान साधनों का उपयोग अंतर्दर्शन या आत्मज्ञान प्राप्ति के लिए करें। उद्देश्य का मार्ग बहुधा किसी विशिष्ट दिशा की ओर ही होता है। प्रकृति जिस ओर से जाना चाहे उधर ही चलते रहें, तो इन प्राप्त शक्तियों की सार्थकता कहां रही?

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# चीन, रूस और ईरान का अमेरिका के विरुद्ध षड्यंत्र, परिणाम हमास-इजरायल युद्ध

अमेरिकी विदेश मंत्री एंथोनी ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में स्पष्ट रूप से कहा है कि इस सभा में सबको विदित है कि तो कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास, हिजबुल्ला और फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद को कई वर्षों से ईरान प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से आर्थिक सामरिक सहायता कर इजराइल का विरोध करवाता आ रहा है. ब्लिंकन ने कहा हमास के इसराइल पर हमले में अमेरिका पूरी तरह से इजरायल के साथ खड़ा है और वह किसी अन्य देश के हमले से इजरायल की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमास का आक्रमण इजरायल की प्रभु सत्ता को चुनौती देने वाला है इसलिए इजराइल को हमास पर आक्रमण करने का पूरा-पूरा वैधानिक हक है इजरायल को अपनी जनता तथा अपनी भूमि की रक्षा करने का पूरा अधिकार है इजराइल अपना कर्तव्य निभा रहा है। लिंकन ने स्पष्ट कहा है यदि ईरान, जॉर्डन, सीरिया या लेबनान अमेरिकी सैनिकों पर हमला करेगा तो उसका तुरंत माकूल जवाब दिया जाएगा। इधर ईरान के प्रमुख आयतुल्लाह खुमैनी ने कहा कि गाजा पट्टी में निर्दोष नागरिकों तथा बच्चों महिलाओं की हत्या का सारा दोष अमेरिका प्रशासन को जाता है जिसने इजराइल को गाजा पट्टी पर निर्दोष नागरिकों पर आक्रमण करने की खुली छूट दे रखी है और यदि अमेरिका इस युद्ध में शामिल होता है तो खाड़ी के अनेक राष्ट्र शामिल होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी अमेरिका पर होगी। यह बात पूरी दुनिया को मालूम है कि हमास के पीछे ईरान और मिडिल ईस्ट के कई देश शामिल हैं और ईरान के पीछे ड्रैगन तथा रूस का खुला समर्थन है। चीन और रूस ने फिलिस्तीन तथा हमास को अपने समर्थन का ऐलान किया है. रूस चाहता है कि अमेरिका का ध्यान रूस-यूक्रेन युद्ध से हट जाए और वह यूक्रेन को पूरी तरह नष्ट कर अपने देश की सीमा में शामिल कर ले। इसी तरह की चाहत चीन ने भी पाल कर रखी है वह ताइवान के मामले में अमेरिकी हस्तक्षेप से परेशान है और वह चाहता है कि अमेरिका का ध्यान इजराइल हमास युद्ध में लगा रहे और वह इसी दौरान आक्रमण करके ताइवान को अपनी प्रभु सत्ता में शामिल कर ले। चीन और रूस में खुले तौर पर ईरान को भड़का कर हमास हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद को सहायता करने तथा आक्रमण करने की इजाजत दे दी थी तब जाकर ईरान ने हमास को सीधे-सीधे इजराइल पर आक्रमण करने का निर्देश भी दिया है। 7 अक्टूबर 23 को हमास के आक्रमण से लगभग 1200 से 1500 इजराइली नागरिक सैन्य अधिकारी बच्चे तथा स्त्रियों की सरेआम हत्या कर दी गई। जवाब में इजरायल ने फिलिस्तीन के गाजा पट्टी पर हमला कर हमास के फ्रंटलाइन आतंकवादियों को खत्म कर दिया है। कॉलेटरल डैमेज के रूप में वहां के नागरिक तथा बच्चों एवं स्त्रियां भी मौत की नींद सो चुके हैं। हमास इजराइल लड़ाई में नया मोड़ तब आया जब गाजा के एक अस्पताल में बम गिराकर 500 लोगों की हत्या कर दी गई और इसका सारा ठीकरा इजरायल के सर पर फोड़ दिया गया है। इजरायल ने इस बात से साफ इनकार किया है और कहा है कि इसके पीछे खुद हमास एवं फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद है जिसने गाजा के इस अस्पताल में हमला कर इजरायल के खिलाफ एक नया षड्यंत्र रचा है। इस हमले से क्रुद्ध होकर खाड़ी देशों के सभी मुस्लिम राष्ट्र जिनकी संख्या लगभग 57 है सब एक हो गए हैं और इजरायल के साथ लगभग 87 देश समर्थन में जुड़ गए हैं।

**संजीव ठाकुर**

बोलेरो-मोटर साईकिल में हुई थी भिड़ंत

# अजयगढ़ स्वास्थ केन्द्र में नहीं मिले डॉक्टर, तड़प-तड़प कर हुई घायल युवक की मौत

**पन्ना, देशबन्धु।** अजयगढ़ स्वास्थ केन्द्र में डॉक्टरों की लापरवाही एवं मनमानी की वजह से मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा, ऐसा ही मामला बीती 25 अक्टूबर 2023 की रात फिर देखने को मिला है, अजयगढ़ थाना एवं हनुमतपुर चौकी अंतर्गत रायपुर टपरियन के पास बोलेरो मोटर साईकिल की भिड़ंत में घायल हुए प्रीतम सिंह गोंड पिता सुखलाल गोंड उम्र लगभग 31 वर्ष निवासी बनहरी कला को अस्पताल पहुंचाने के लिए लोगों के द्वारा डायल हंड्रेड और 108 एंबुलेंस को फोन किया गया लेकिन कोई नहीं पहुंचा, जिसके बाद कुछ स्थानीय जागरूक व्यक्तियों के द्वारा ऑटो से घायल को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

जहां 2 घंटा इंतजार के बाद भी कोई डॉक्टर नहीं पहुंचा बड़ी मुश्किल से जब एक डॉक्टर ने पहुंच कर इलाज शुरू किया तब तक युवक के प्राण पखेरू उड़ चुके थे, जिससे परिजनों में हाहाकार मच गया, ऐसे ही मामले आए दिन देखे जा रहे हैं, कुछ लोग इस प्रकार की लापरवाही पर हंगामा खड़ा कर देते हैं जिससे मामला अखबारों की सुर्खियां बन जाता है, लेकिन अधिकांश गरीब मजदूर और किसान वर्ग के लोग इस प्रकार की लापरवाही का विरोध करने की हिम्मत नही जुटा पाते जिससे लापरवाही का सिलसिला लगातार जारी है। जबकी यह अजयगढ क्षेत्र खनिज मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के विधानसभा के अन्तर्गत आता है। जहां पर उन्होंने विकास की गंगा बहाने की झूठी बाहबाही की जा रही है। जबकी क्षेत्र की हकीकत इस प्रकार की घटनाओं से सामने आती है। सिर्फ कागजो मे विकास दिखाकर आम जनता को धोखा दिया जाता है।

# कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**पन्ना, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरजिंदर सिंह ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप संघ प्रिय, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, प्राचार्य अरविन्द कुमार त्रिपाठी, उत्कर्ष श्रीवास्तव और शिक्षक उपस्थित रहे।

विधानसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के संकल्प के उद्देश्य से निकाली गई रैली के जरिये आगामी 17 नवम्बर को मतदान दिवस पर मतदाताओं से मतदान करने के अधिकार का उपयोग करने का आग्रह किया। रैली ने शहर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण किया। इसके अलावा महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता पर केन्द्रित रंगोली भी बनाई गई। साथ ही विद्यार्थियों ने मतदान की उपयोगिता पर अलग-अलग थीम पर आधारित तख्ती का प्रदर्शन कर मतदान का महत्व बताया। सभी छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साह के साथ भागीदारी की।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा निर्वाचन की जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भूमिका की सराहना की। विद्यार्थियों ने किया नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं ने नाटक के माध्यम से निर्वाचन में अपने अमूल्य मत का उपयोग कर बेहतर जनप्रतिनिधि के चुनाव और अन्य पर्वों की भांति लोकतंत्र के महाउत्सव में सहभागी बनने का आह्वान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी सहित उपस्थितजनों ने विद्यार्थियों द्वारा नाटक प्रस्तुति की सराहना की। इस मौके पर गत दिवस महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता विषय पर आयोजित निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के अव्वल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया।

कलेक्टर ने स्वीप टीम और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से जुड़े विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले में मतदाता जागरूकता का वृहद स्तर पर अभियान चलाकर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन तैयारियों के साथ-साथ लोगों को व्यापक स्तर पर जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। लोकतंत्र के महोत्सव में युवा मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी नागरिकों को मतदान के अधिकार और मतदाता होने पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने निर्वाचन में भयमुक्त होकर मतदान करने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि छात्र-छात्राएं अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए जरूर प्रेरित करें। विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थितजनों को मतदान की शपथ भी दिलाई।

नगरवासियों ने शोभा यात्रा का किया स्वागत, गरबा नृत्य की रही धूम

# भक्ति रस में सराबोर हुआ मंदिरों का शहर पन्ना

**पन्ना, देशबन्धु।** प्रणामी धर्मावलम्बियों की आस्था और श्रद्धा के केंद्र मंदिरों के शहर पन्ना की छटा आज देखते ही बन रही थी। भक्ति रस में सराबोर नाचते और गाते श्रद्धालुओं की टोलियां आज सायं जब प्राचीन खेजड़ा मंदिर से श्री जी की भव्य सवारी के साथ निकलीं तो समूचा नगर भी भक्ति रस में डूब गया। यह अनूठा आयोजन हर साल दशहरे के तीसरे दिन होता है जिसमें सद्गुरू के सम्मान का प्रतीक कही जाने वाली श्री प्राणनाथ जी की दिव्य सवारी शोभा यात्रा खेजड़ा मंदिर से बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ निकलती है। अन्तर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में इस शोभा यात्रा का खास महत्व है। क्योंकि यह शोभा यात्रा सद्गुरु के प्रति आदर, सम्मान और अहोभाव प्रकट करने का पुनीत अवसर होता है जिसमें दूर-दूर से आये सुन्दर साथ श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबकर शामिल होते हैं। एक झलक पाने के लिये श्रद्धालु बेताब दिखे गुरुवार को खिजड़ा मंदिर से निकली इस ऐतिहासिक सवारी में श्रीजी की मनमोहक शोभायात्रा मुख्य आकर्षण का केंद्र रही, जिसकी एक झलक पाने के लिये श्रद्धालु बेताब दिखे। इस बार अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेश से भी श्रद्धालु सुंदर साथ शोभायात्रा में शामिल रहे जिनमें सर्वाधिक नेपाल देश के सुंदर साथ देखे गए। पन्ना नगर के लोगों को भी इस ऐतिहासिक शोभा यात्रा का इंतजार रहता है और जिसका नगरवासियों द्वारा जगह-जगह



स्वागत व आरती की जाती है।

ऐसा लगा मानो सभी संत मनीषी विविध रूप धारण कर इस सवारी की शोभा बढ़ा रहे हों प्रणामी सम्प्रदाय के आस्था का केन्द्र अति प्राचीन खेजड़ा मंदिर से सोमवार शाम पांच बजे से अखंड मुक्तिदाता महामति प्राणनाथ जी की सवारी जब निकली तो ऐसा लगा मानो सभी सन्त मनीषी विविध रूप धारण कर इस सवारी की शोभा बढ़ा रहे हों। दिव्य रथ पर सवार श्रीजी तथा धर्मगुरू इस भव्य सवारी की धर्म निष्ठा व भक्तिभाव के साक्षी बने। श्री जी की इस दिव्य सवारी का नगर के निवासियों ने जहा तहेदिल से स्वागत किया वही प्रणामी धर्म के स्थानीय अनुनायियों ने जगह-जगह श्री जी की आरती उतारकर पुण्य लाभ लिया। सद्गुरू के सम्मान का प्रतीक है तेरस की सवारी अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के दौरान पन्ना नगर में सैकड़ों वर्षों से लगातार श्री जी की सवारी भव्य स्वरूप के साथ निकाली जाती है। इस सवारी का आयोजन पहली बार बुन्देलखण्ड केशरी महाराजा छत्रसाल जी ने किया था। सद्गुरू के सम्मान का प्रतीक कही जाने वाली इस तेरस की सवारी को लेकर मान्यता है कि जब बुन्देलखण्ड को चारों तरफसे औरंगजेब के सरदारों ने घेर लिया था तब महामति श्री प्राणनाथ जी ने महाराजा छत्रसाल को अपनी चमत्कारी दिव्य तलवार देकर विजयश्री का आर्शीवाद दिया था और कहा था कि हे राजन जब तक तुम अपने दुश्मनों को धूल चटाकर नहीं आ जाते तब तक मैं इसी खेजड़ा मंदिर में ही रूकूंगा। तेरस को जब महाराजा छत्रसाल अपने दुश्मनों पर फतह हासिल कर लौटे तो अपने सद्गुरू महामति प्राणनाथ जी को पालकी में बिठाकर अपने कंधों का सहारा देकर श्री प्राणनाथ जी मंदिर में स्थित गुम्मट बंगला जिसे ब्रम्ह चबूतरा भी कहते हैं में लाए थे। जिसके प्रतीक स्वरूप तभी से यह आयोजन हर वर्ष किया जाता है। तीन किलोमीटर तक की यात्रा में सात से आठ घंटे का समय लग जाता है श्री खेजड़ा जी मंदिर से निकली श्री जी की सवारी को श्री प्राणनाथ जी मंदिर की कुल तीन किलोमीटर तक की यात्रा में सात से आठ घंटे का समय लग जाता है। धार्मिक व ऐैतिहासिक महत्व की इस विशाल शोभायात्रा में पन्ना नगर वासियों ने भी पूरे उत्साह व भक्ति भाव के साथ बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। रथ में सवार श्री जी की एक झलक पाने के लिए लोग घंटों सड़क के किनारे खड़े रहे। सवारी के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह श्री जी की आरती उतारी व फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया साथ ही शोभा यात्रा में सम्मलित सुन्दरसाथ को मिठाइयां बांटी गईं।

## मुरव्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज पन्ना मे

**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 27 अक्टूबर को 11 बजे हैलीकाप्टर द्वारा पन्ना पंहुचेगें तथा भाजपा के प्रत्याशियो के नाम निर्देशन पत्रो को जमा करने के दौरान शामिल होगे तथा नगर में रोड शो करते हुए स्थानीय गांधी चौक पर नुक्कड सभा को संबोंधित करेगें।

## भाजपा ने दिग्गजों को मैदान में उतारकर गुटबाजी को रोका!

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा दिग्गजों को मैदान में उतारकर पार्टी के भीतर पनपी गुटबाजी को काफी हद तक रोक लिया है। राज्य विधानसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी 230 सीटों में से 228 के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। इनमें पार्टी के कई ऐसे दिग्गज मैदान में उतारे गए हैं जो अब तक कई नेताओं के भविष्य का फैसला करते आ रहे हैं। इनमें प्रमुख हैं, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते और राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय। इसके साथ ही चार सांसदों को भी पार्टी ने मैदान में उतारा है। पार्टी ने जब इन दिग्गजों को मैदान में उतारा था तो कई तरह के सवाल उठे थे। अब, धीरे-धीरे तस्वीर साफ होने लगी है। भाजपा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि राज्य की राजनीति में तीनों केंद्रीय मंत्री के अलावा राष्ट्रीय महासचिव का काफी दखल रहा है। इतना ही नहीं विधानसभा चुनाव में तो यह नेता अपनी पसंद के उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का जोर लगाते थे। इतना ही नहीं पार्टी के भीतर गुटबाजी को भी जन्म देते थे। मगर, राष्ट्रीय नेतृत्व के फैसले ने इन नेताओं को ही मैदान में उतारकर उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में केंद्रित कर दिया। सूत्रों का दावा है कि प्रारंभिक तौर पर जमीनी स्तर से जो फीडबैक आया है, वह पार्टी को खुश करने वाला है। इसकी वजह बड़ी है कि बड़े नेताओं के मैदान में उतरने से एक तरफ जहां आसपास की सीटें मजबूत हो रही हैं तो वहीं दूसरी सीटों पर गुटबाजी पनप नहीं पा रही है।

नगर में मिला डेंगू का मरीज, स्वास्थ विभाग बेखर

# नालियों, खाली प्लाटों में दवा छिड़काव नहीं कराने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा



**हरपालपुर, देशबन्धु।** नगर में ड़ेंगू का मरीज मिलने हड़कंप मच गया इसकी जानकारी होने से नगर के लोगों में खासी दहशत है। लेकिन इसके बाद भी स्वास्थ विभाग, नगर परिषद पूरी तरह से बेपरवाह बने हुऐ हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 14 में रहने वाली रितिका तिवारी 16 वर्ष पिता संजय तिवारी को बीते पांच दिन पहले फीवर आने पर परिजनों द्वारा नगर के निजी अस्पताल में ईलाज कराते रहे। लेकिन मरीज तबियत में कोई सुधार नहीं हुआ और मरीज की हालत बिगडने़ पर परिजन इलाज के लिए सोमवार को झाँसी स्थित निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां पर जांच में कराने पर ड़ेंगू पॉजीटिव आया। साथ मरीज की प्लेटनिस 50 हज़ार ही रह गई।

दो दिन बाद अब मरीज की हालत में कुछ सुधार बताया जा रहा है। वहीं नगर में नगर परिषद व स्वास्थ्य विभाग के दावों की पोल खुल गई। नगर में सिर्फ कागजों में डेंगू, मलेरिया के रोकथाम के लिए दवाओं का छिड़काव किया जा रहा हैं। नगर के वार्डो में महीनों तक सफाई न होने नालियां गंदगी बजबजा रहीं हैं। जगह-जगह कूड़ेकचरे के ठेर लगे होने नगर ड़ेंगू मलेरिया के मच्छर पनप हैं। वार्डो में खाली पड़े प्लाटों, कॉलोनियों में जगह-जगह बरसाती पानी की निकासी न होने मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा हैं।

### ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़,

नगर में मौसमी बीमारी के चलते नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व निजी अस्पताल में ओपीडी मलेरिया व वाइरल फीवर से पीड़ित मरीजों की भारी भीड़ इलाज के लिए जुट रही है। ईलाज कराने आने वाले मरीजों का बुखार कई दिन नहीं जा रहा हैं उस बाद भी स्वास्थ विभाग मलेरिया विभाग मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिये कोई प्रयास नहीं कर रहा हैं।

### कई दिनों तक नहीं होती हैं सफाई

नगर परिषद की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के तहत घरों से कचरा उठाने में लापरवाही हो रही हैं।नगर में वार्डो में कचरा लोगों घरों से निकाल कर सड़को पर फेंका जाता हैं। जो सप्ताह तक कचरा ऐसे ही पड़ा रहता है। जिससे संक्रामक बीमारियां भी फैल रही है। इसी तरह नाले-नालियों की सफाई भी नहीं हो पा रही हैं। साथ ही नगर परिषद द्वारा नालियों न तो मच्छरों की रोकथाम के लिये कीटनाशक दवा का छिड़काव किया न ही फॉसिंग मशीन से मच्छरों के प्रकोप से रहवासियों को राहत देने का काम किया जा रहा हैं। नगर परिषद के पास दो फॉसिंग मशीन होने के बाद भी वो कबाड़ में पड़ी हैं। नगर परिषद व स्वास्थ्य विभाग का अमला भी इसमें सख्ती लाने की बजाए हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

# डा. मेजर सोनल दीक्षित, मणिपाल का महिला एवं कन्या स्वास्थ्य पर व्याख्यान कल



**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी,छतरपुर में मणिपाल हॉस्पिटल्स की रीजनल हेड, मेडिकल सर्विस नॉर्थ एंड वेस्ट क्लस्टर डा. मेजर सोनल दीक्षित का कन्याओं तथा महिलाओं के स्वास्थ्य पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण व्याख्यान 28 अक्टूबर 23 को पूर्वान्ह 11 बजे से न्यूज बॉटनी हॉल में आयोजित किया गया है। डा.सोनल दीक्षित हेल्थ ईशु इस्पेसिफिक टू विमेंस एंड गर्ल्स विषय पर अपना उपयोगी व्याख्यान देंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो शुभा तिवारी करेंगी। विशिष्टअतिथि के रूप में प्रति कुलपति डा डीपी शुक्ला एवं रजिस्ट्रार श्री यशवंत सिंह पटेल उपस्थित रहेंगे। व्याख्यान में एमसीबीयू के बी.एस-सी. बीकॉम एवं बीए के साथ साथ एम.एस- सी. के विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। विभिन्न विषयों के शोधार्थी भी इस व्याख्यान को सुनने उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि डा मेजर सोनल दीक्षित एमबीबीएस एवं हॉस्पिटल एंड हेल्थ केयर मैनेजमेंट में एमबीए हैं। डा दीक्षित आर्मी मेडिकल ऑफिसर के रूप में भी पदस्थ रही हैं।एक सक्रिय चिकित्सक होने के साथ आप अनेक प्रसिद्ध चिकित्सा संस्थानों के प्रबंधन से संबद्ध है। अभी हाल ही 2022 में डा सोनल दीक्षित को बिजनेस वर्ल्ड ने इंडिविजुअल एक्सीलेंस इन हेल्थकेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

# बारीगढ़ में जमीन विवाद पर चली लाठियां, 3 घायल



छतरपुर, देशबन्धु। जुझारनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बारीगढ़ में जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों के बीच लाठी-डण्डे चल गए इसमें एक महिला सहित दो लोग बुरी तरह जख्मी हुए हैं जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में लाठियों से मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया गया है कि शेख नफीस, शेख बबलू एवं सबीना खातून जब अपने खेत पर बोवनी के लिए गए थे तभी उनके चाचा और उनके लड़कों के साथ विवाद शुरू हो गया जिसमें चाचा के लड़कों ने मारपीट कर दी। इस विवाद में शेख नफीस, शेख बबलू, शबीना खातून को चोटें आयी हैं।

## युवक को ऋण का लालच दिया और खाते से उड़ा लिए 59 हजार रुपए

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी में साइबर धोखाधड़ी का अनूठा मामला सामने आया है। इसमें शातिर जालसाल खुद एक युवक से मिला और उसे यूपीआइ एप से ऋण देने का लालच देकर उसके खाते से 59 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित युवक की शिकायत पर करीब 13 माह बाद अवधपुरी थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी के मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी तलाश की जा रही है। अवधपुरी थाना पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय भोला राम ऋषिपुरम कालोनी में फुल्की का ठेला लगाता है। सितंबर 2022 में उसके ठेले पर एक व्यक्ति आया और उससे कहा कि यूपीआइ एप के उपयोग से उसे 60 हजार रुपये के ऋण का आफर मिला है। वह अपनी बैंक संबंधित पूरी जानकारी अपने मोबाइल से भर दे तो उसे 50 हजार रुपए अभी मिल जाएंगे, शेष राशि दो दिन बाद मिलेगी। इसके साथ ही उसने भोलाराम से कहा कि लाओ, अपना मोबाइल दो, मैं खुद जानकारियां भर देता हूं। उसकी बात पर भरोसा कर भोलाराम ने जेब से मोबाइल निकालकर उसे दे दिया। उसने थोड़ी देर मोबाइल पर जानकारी भरने का नाटक किया, बाद में यह कहकर भोलाराम को मोबाइल वापस कर दिया कि उसका मोबाइल हैंग कर रहा है।


**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**

क्रमांक 2292/स.अ. /आवंटन/सागर/ 2023 दिनांक 26.10.2023

**भवन भूखण्ड हस्तान्तरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल कॉलोनी डॉ. हरिसिंह गौर नगर सागर में स्थित भवन क्रमांक एचआईजी सुपर 40 मंडल द्वारा श्री अनुपम मिश्रा पिता श्री रामसेवक मिश्रा को आवंटित किया गया था। जिसका विक्रय विलेख मंडल द्वारा 13.07.2016 को निष्पादित कराया गया। श्री अनुपम मिश्रा पिता श्री रामसेवक मिश्रा द्वारा उक्त भवन विक्रय विलेख निष्पादित दिनांक 14.06.2019 के माध्यम से श्री जिनेन्द्र कुमार श्री संदीप कुमार एवं श्री मुकेश जैन को विक्रय किया। श्री जिनेन्द्र कुमार श्री संदीप कुमार एवं श्री मुकेश जैन द्वारा उक्त भवन विक्रय विलेख निष्पादित दिनांक 06.08.2020 के माध्यम से श्री अनुराग जैन पिता श्री प्रकाश चंद जैन एवं श्री प्रकाशचंद जैन पिता श्री रामस्वरुप जैन को विक्रय किया। श्री अनुराग जैन एवं श्री प्रकाश चंद जैन द्वारा उक्त भवन विक्रय विलेख निष्पादित दिनांक 24.11.2022 के माध्यम से श्री सिद्धार्थ जैन पिता श्री अशोक कुमार एवं श्रीमती मनोरमा जैन पति श्री अशोक कुमार जैन को विक्रय किया। श्री सिद्धार्थ जैन पिता श्री अशोक कुमार एवं श्रीमती मनोरमा जैन पति श्री अशोक कुमार जैन द्वारा उक्त भूखण्ड/ भवन स्वयं के नाम से नामांतरित/हस्तांतरित कराने हेतु आवेदन/दस्तावेज/शपथ पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी व्यक्ति को संस्था या हित रखने वाले वैध व्यक्ति को हस्तांतरण/ नामांतरण बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन होने से 15 दिवस के अन्दर लिखित में वैध आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**सम्पत्ति अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**


# 5 सौ मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण, 65 मरीज ऑपरेशन हेतु हुए चिन्हित

## हनुमान टोरिया में नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न



**छतरपुर, देशबन्धु।** गरीब जरूरतमंदों की सेवा के लिए नगर के प्रतिष्ठित प्राचीन हनुमान टोरिया मंदिर में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर के 13वें वर्ष का दसवां आयोजन संपन्न हुआ। यह शिविर स्व नारायण दास, गुलाबरानी सोनी की स्मृति में उनके पुत्र रमेश कुमार सोनी परिवार के सहयोग से हनुमान टोरिया सेवा समिति एवं सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के संयुक्त तत्वाधान में यह आयोजन किया गया। समिति के सदस्य गिरजा पाटकर ने बताया कि इस शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आए डॉक्टर प्रदीप मिश्रा और उनकी टीम के द्वारा 500 नेत्र रोगियों के परीक्षण कर उन्हें दवा एवं चश्मा वितरित किए गए तथा 65 मरीजों को मोतियाबिंद हेतु चयनित किया गया। चयनित हुए मरीजों को 29 अक्टूबर को सुबह हनुमान टोरिया स्थित साई मंदिर से चित्रकूट ले जाया जाएगा।

## कुछ बदलाव के साथ आयोजित किया जाएगा मेला जलविहार

छतरपुर, देशबन्धु। छतरपुर में दीवाली के पूर्व आयोजित होने वाला मेला जलविहार इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। पुरानी परंपरा के मुताबिक गुरूवार को भगवान बिहारी जू के विमान जलविहार करते हुए महलों के मंदिर से छतरपुर के मेला ग्राउण्ड पहुंच गए। नगर पालिका की ओर से सीएमओ माधुरी शर्मा और उनकी टीम ने आतिशबाजी और ढोल नगाड़ों के साथ मेला ग्राउण्ड में विमानों की स्थापना कराई। इस मौके पर सीएमओ ने कहा कि कुछ मामूली बदलाव के साथ मेला जलविहार इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि आदर्श आचरण संहिता होने के कारण कुछ मामूली बदलाव किए गए हैं लेकिन मेला जलविहार की परंपरा को रोका नहीं जाएगा।


फार्मेट सी-2

**( राजनीतिक दलों के लिए वेबसाईट, समाचार पत्रों/ टी.वी. में प्रकाशन हेतु )**

दल द्वारा खड़े किए गए अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फांउडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

राजनैतिक दल का नामः- गोंडवाना गणतंत्र पार्टी

* निर्वाचन का नामः- विधान सभा निर्वाचन 2023 (म.प्र.)

राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नामः- मध्यप्रदेश

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | अभ्यर्थी का नाम | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | लंबित आपराधिक मामले | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के विषय के संबंध में विवरण | |
| | | | न्यायालय का नाम मामले की सं. एवं मामलों की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख | अपराध (धों) और अधिरोपित किए गए दण्ड का विवरण |
| 1 | विनोद राय | जबेरा 56 | न्यायालय श्रीमान विशेष न्यायाधीश विद्युत अधि. प्र.क्र. 308/2022 (साक्ष्य हेतू) | 135 विद्युत अधि. | Nil | Nil |

राज्य सभा के निर्वाचन और विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामलों में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

टिप्पणी:- (i)उपयुक्त सूचना प्रत्येक राज्य/संघ शासित क्षेत्र के लिए राज्य-वार प्रकाशित की जावेगी।

### बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर दिखाई ताकत, सपा से चुनाव लड़ने का दिया संकेत

# केके श्रीवास्तव या राजेंद्र तिवारी 30 को दाखिल करेंगे नामांकन





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के दो बड़े नेताओं ने गुरुवार को शहर के एक निजी गार्डन में अपने-अपने समर्थकों से रायशुमारी करके भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने का बिगुल फूंक दिया। उल्लेखनीय है कि टीकमगढ़ विधानसभा से पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव, भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी तथा वर्तमान विधायक राकेश गिरी गौस्वामी द्वारा भाजपा से टिकिट की दावेदारी की गई थी। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा विगत 21 अक्टूबर को जारी की गई प्रत्याशियों की सूची अनुसार वर्तमान विधायक राकेश गिरी को प्रत्याशी घोषित किया गया। श्री गिरी के प्रत्याशी घोषित होते ही दोनो दावेदारों श्री श्रीवास्तव तथा श्री तिवारी द्वारा अपना विरोध दर्ज कराते हुए अपने-अपने निवास पर समर्थकों एवं भाजपा पदाधिकारियों की बैठक बुलाकर रायशुमारी की गई। रायशुमारी के अनुसार वर्तमान घोषित प्रत्याशी के विरोध में चुनाव लड़ने का संकेत मिलते ही दोनो नेताओं ने आपसी सहमति बनाकर किसी एक के चुनाव लड़ने की रणनीति पर विचार किया जा रहा है। हालांकि अभी यह साफ नहीं हो सका है कि दोनो नेताओं में से कौन चुनाव लड़ेगा और किस दल से मैदान में हुंकार भरी जाएगी। गुरुवार का आयोजित कार्यक्रम के दौरान 30 तारीख को नामांकन फार्म दाखिल करने का ऐलान किया गया है। यहां इस बात का उल्लेख करना भी आवश्यक है कि भाजपा से पूर्व विधायक रहे केके श्रीवास्तव प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर स्वयं को बंधन मुक्त कर चुके हैं जबकि वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी भाजपा में ही बने रह कर उन्हे निष्कासित करने की चुनौती दे रहे हैं। बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान केके श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी ने सर्वे और कार्यकर्ताओं से रायशुमारी का दिखावा किया। कार्यकर्ताओं और पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट को नजरअंदाज करके टिकट दिया गया है। पूर्व बैंक अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने कहा कि 17 अक्टूबर तक मेरा नाम सर्वे सूची में पहले नंबर पर था। जिले की राष्ट्रीय स्तर की एक नेता ने मेरा नाम कटवाकर सौदेबाजी की और टिकट में फेरबदल कराया है। उन्होंने कहा कि 30 तारीख को में अथवा केके श्रीवास्तव में से कोई एक विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन फार्म दाखिल करेंगे। उन्होंने इशारों-इशारों में समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ने के संकेत दिए। टिकट वितरण से नाराज पूर्व बैंक अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने कहा कि जिले की राष्ट्रीय स्तर की एक नेता की जाति के जिले में 63 हजार वोट हैं। वे हर चुनाव में अपनी जाति के वोटों को आधार बनाकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को गुमराह करती हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी टिकट वितरण में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह को गुमराह किया गया। अगर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को वर्तमान प्रत्याशी के विरोध के बारे में अवगत कराया गया होता तो टिकट वितरण में पारदर्शिता होती।

# जतारा विधानसभा से 3, खरगापुर से 4 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र किए जमा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा हो चुकी है एवं नाम निर्देशन की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत गुरुवार को जिले के विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा (अ.जा.) से 3 तथा विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर से 4 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किये। तदनुसार विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा (अ.जा.) से अनीता पत्नी प्रभुदयाल ने आम आदमी पार्टी, प्रभुदयाल पिता भगवानदास ने आम आदमी पार्टी तथा राजेन्द्र अहिरवार ने निर्दलीय अभ्यर्थी के रुप में रिटर्निंग ऑफिसर जतारा लोकेन्द्र सिंह सरल के समक्ष अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर से अभ्यर्थी राहुल सिंह ने भारतीय जनता पार्टी, लखन लाल लोधी ने भारतीय सभ्यता पार्टी, शोभाराम रैकवार ने लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी तथा श्याम रतन उर्फ भक्ति तिवारी ने समाजवादी पार्टी से रिटर्निंग ऑफिसर खरगापुर विजय कुमार सेन के समक्ष अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। ज्ञातव्य है कि नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया 30 अक्टूबर 2023 को पूर्ण होगी। नाम निर्देशन पत्र प्रातः 11 बजे से अपरांह 3 बजे तक जमा किये जायेंगे। शासन द्वारा घोषित अवकाश के दिनों में नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं किये जायेंगे। इस प्रकार केवल 21, 23, 25, 26, 27 और 30 अक्टूबर 2023 कुल 6 तिथियों में नाम निर्देशन पत्र जमा किये जा सकेंगे। 31 अक्टूबर को जमा हुये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी, एक नवम्बर तथा दो नवम्बर को अपरांह 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र वापस लिये जा सकते है। उसी दिन अपरांह 3 बजे के बाद सभी अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे।

## पूर्व नपाध्यक्ष लक्ष्मी व राकेश गिरि ने किया जनसंपर्क



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** गुरूवार के दिन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति लक्ष्मी गिरी गोस्वामी ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुण्डेश्वर, पांडेर, सूरजपुर, करमाराई, तिंदारी, कुमरऊ खिरिया में समर्थकों के साथ पहुंचकर जनसंपर्क किया। पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमति गिरि ने ग्राम पंचायत वासियों से आशीर्वाद मांगा तथा विधायक राकेश गिरी ने विधानसभा के ग्राम धजरई, जनकपुर, पपावनी, कप्तान का मजरा, मडगर, कटेरा खेरा, जसवंत नगर क्षेत्र में पहुंचकर जनसंपर्क किया। ग्रामबासियों से टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एक बार फिर कमल खिलाकर भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने की अपील की।

# बाइक की टक्कर से 6 वर्षीय बच्चा गंभीर रुप से घायल



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** झांसी हाइवे सड़क पर दिगौड़ा अस्पताल के पास गुरुवार की सुबह 11 बजे वंशकार मुहल्ले में रहने वाले दो बच्चों के सड़क को पार करने के दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने एक बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में 6 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। दिगौड़ा अस्पताल में बच्चे का प्राथमिक उपचार किया गया। बच्चे की गंभीर हालत होने पर डॉ. संजय अहिरवार ने बच्चे को एंबुलेंस से जिला अस्पताल रिफर कर दिया। जिला अस्पताल में बच्चे का उपचार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार दिगौड़ा कस्बे के वंशकार मुहल्ले में रहने वाले दो भाई शिवम अहिरवार व सचेन्द्र अहिरवार गुरुवार की सुबह 11 बजे अस्पताल के पास हाइवे सड़क को पार कर रहे थे। उसी दौरान बम्होरी तरफसे आ रही एक तेज रफ्तार बाइक के चालक ने बाइक को लापरवाही से चलाते हुए बच्चे शिवम अहिरवार में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में वह घायल हो गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। बच्चे को टक्कर मारने वाली बाइक ग्राम राजनगर की बताई गई है, जिस पर वंशकार समाज के दो युवक सवार थे। यह बाइक राजनगर से टीकमगढ़ की तरफजा रही थी। बाइक सवारों को मामूली चोटें आने पर दिगौड़ा अस्पताल में उपचार किया गया। टक्कर मारने वाली बाइक को स्थानीय लोगों ने अपने कब्जे में ले लिया।

## वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाकर चलाया जागरूकता अभियान



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रोहित कटरे के नेतृत्व में थाना यातायात के द्वारा बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ट्रैक्टर ट्रॉली मैं रिफ्लेक्टर लगाए जाकर जागरूकता अभियान चलाया गया। विदित है की बगाज माता मेला के दौरान आए सैकड़ो ट्रैक्टर ट्रॉली पर टीकमगढ़ पुलिस के द्वारा रिफ्लेक्टर लगाने की कार्यवाही की गई थीं ताकि अंधेरे में ट्रैक्टर ट्रॉली दिखाई दे सके एवं यात्रियों का आवागमन सुरक्षित किया जा सके। इसके साथ थाना यातायात के द्वारा यातायात को अवरुद्ध करने वाले वाहन चालकों, हाथ ठेला एवं सब्जी व्यापारी आदि को मार्ग अवरुद्ध न करने की हिदायत देकर यातायात के सुचारू संचालन हेतु आम नागरिकों एवं व्यापारी बंधुओ से अनुरोध किया गया।

# 2 लाख 28 हजार रुपए के गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद वर्मा, पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार एवं पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, अवैध हथियार, अवैध मादक पदार्थ एवं गुंडा बदमाशों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बुड़ेरा उप निरीक्षक रश्मि जैन द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम दरगुवां में राजाराम उर्फ राजू लोधी उम्र 44 साल निवासी दरगुवां के घर के सामने छापा मार कार्यवाही कर आरोपी राजाराम व उसकी पत्नी से दो प्लास्टिक की बोरियां जप्त की, जिसमें 15 किलो 260 ग्राम गांजा कीमती लगभग 2 लाख 28 हजार 900 रुपए का पाया गया। गांजा जप्त कर आरोपी राजाराम लोधी व उसकी पत्नी को थाना बुड़ेरा में 8/20 एनडीपीएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बुड़ेरा उप निरीक्षक रश्मि जैन, उप निरीक्षक मनोज पटेल, सहायक उप निरीक्षक रतीराम, प्रधान आरक्षक विजय वर्मा, अनिल रिछारिया, देवेंद्र ठाकुर, आरक्षक अजीत बुंदेला अंकित दुबे, आरक्षक चालक दीपचंद अहिरवार, महिला आरक्षक सुमन पटेरिया की सराहनीय भूमिका रही।

## बालिका से मारपीट को लेकर 2 पक्षों में विवाद

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लुहरगुवां में मंगलवार की रात करीब 9 बजे एक बालिका के साथ गांव के व्यक्ति ने मारपीट कर दी। बालिका के चाचा उलाहना देने गए तो गांव के व्यक्ति से उनका विवाद हो गया। इस विवाद में दोनों ने एक दूसरे की लाठी से मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों की रिपोर्ट पर एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लुहरगुवां में फरियादी अशोक पिता सतुआ अहिरवार उम्र 29 साल निवासी लुहरगुवां के साथ गांव के भुररू अहिरवार ने गाली गलौज, जान से मारने की धमकी व लाठी से मारपीट कर दी। दूसरे पक्ष के फरियादी लक्ष्मन अहिरवार पिता सरमन अहिरवार 50 साल निवासी लुहरगुवां के साथ गांव के अशोक अहिरवार व भगवानदास अहिरवार ने गाली गलौज, जान से मारने की धमकी व लाठी से मारपीट करते हुए पीड़ित की भतीजी को चांटे मार दिए।

# पत्रकार के मकान में चोरी करने का प्रयास असफल

**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के बाद बस स्टैंड के पीछे पत्रकार बालचंद शुक्ला के मकान को अज्ञात चोर के द्वारा निशाना बनाए जाने का प्रयास किया गया। पत्रकार बालचंद शुक्ला ने बताया कि उन्होंने अपना बस स्टैंड के पीछे बना हुआ मकान पढ़ने वाले छात्रों को किराए पर दिया था। दशहरा पर्व की छुट्टी के चलते मकान में निवासरत छात्र अपने घर गए हुए थे। उन्होंने बताया कि बीती रात मकान के बाहर लगे हुए ताले को अज्ञात चोर के द्वारा तोड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि ताला मजबूत होने के कारण अज्ञात व्यक्ति चोरी करने के इरादे में कामयाब नहीं हो सका। पत्रकार बालचंद शुक्ला ने बताया कि उन्होंने इस पूरे मामले की सूचना स्थानीय थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार को दी है।

# भाजपा प्रत्याशी हरिशंकर खटीक का सोशल मीडिया अकाउंट हैक



**पलेरा, देशबन्धु।** जतारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हरिशंकर खटीक का सोशल मीडिया अकाउंट हैक करते हुए अश्लील सामग्री डाली जा रही है। इस पूरे मामले की शिकायत भाजपा प्रत्याशी हरिशंकर खटीक ने भोपाल साइबर सेल समेत टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी से की है। दरअसल बीते बुधवार को भाजपा प्रत्याशी हरिशंकर खटीक के सोशल मीडिया स्टेटस पर अनैतिक सामग्री चलती दिखाई दी। देखते ही देखते कई स्क्रीनशॉट लिंक सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे। जैसे ही वक्त घटना की खबर प्रत्याशी हरिशंकर खटीक तक पहुंचीए तब उन्होंने तत्काल भोपाल साइबर सेल समेत टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी से पूरे मामले की शिकायत करते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की। प्रत्याशी हरिशंकर खटीक का कहना है कि यह विरोधियों द्वारा उन्हें बदनाम करने के लिए सोची समझी साजिश है। उन्होंने बताया कि वह भोपाल में अपने निजी कार्य से पहुंचे थेए जहां फोन पर उन्हें उनके सोशल मीडिया अकाउंट में अश्लील सामग्री डाले जाने की खबर प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले की शिकायत साइबर सेल भोपाल एवं टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक से की गई है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के 2 आरोपियों को 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** माननीय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्री एपी एस चौहान द्वारा नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के मामले में निर्णय पारित करते हुए आरोपीगण को दोषसिद्ध ठहराते हुए थाना बम्हौरी कला अंतर्गत ग्राम कपासी निवासी 36 वर्षीय आरोपी मानसिंह लोधी पुत्र स्व. शंकर लाल लोधी को धारा 354 भादंसं एवं धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट तथा थाना बल्देवगढ़ अंतर्गत ग्राम करमासन हटा निवासी 31 वर्षीय आरोपी संतोष लोधी पुत्र धनीराम को धारा 7/8, 16/17 पॉक्सो एक्ट में क्रमशः 03-03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं दो-दो हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त मामले में शासन की ओर से पैरवी कर रहीं विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुबे द्वारा घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि दिनांक 17/07/2022 को समय सुबह करीब 11:30 बजे अभियोक्त्री व उसकी चार-पांच सहेलियां धजरई तिगैला से महेंद्र सर के यहां से कोचिंग पढ़कर पैदल अपने घर जा रहीं थीं। अभियोक्त्री की कुछ सहेली उससे आगे तथा कुछ पीछे थीं। सुबह 11:30 बजे आरोपी मानसिंह एवं संतोष लोधी मोटरसाईकिल से आये, उन्होंने अभियोक्त्री के पास आकर मोटरसाईकिल खड़ी की और संतोष लोधी उसकी तरफ बुरी नियत से देखकर मानसिंह से बोला कि यह लड़की अच्छी लगती है, तभी मानसिंह उसके साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ करने लगा।

अभियोक्त्री चिल्लाई तो उसकी सहेलियां दौड़कर आई, जिससे आरोपीगण मानसिंह एवं संतोष मोटरसाईकिल से भाग गये। अभियोक्त्री ने उक्त घटना अपने माता-पिता को बतायी एवं पिता के साथ थाना देहात टीकमगढ़ जाकर घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट के आधार पर थाना देहात में आरोपीगण के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की जाकर प्रकरण की विवेचना की गई। संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपीगण के विरूद्ध विचारण चलाये जाने हेतु अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान शासन की ओर से पैरवी करते हुये विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुबे द्वारा उक्त मामले में कुल 07 गवाहों को न्यायालय के समक्ष अभियोजन साक्षी के रूप में परीक्षित कराया गया एवं अभियोजन के समर्थन में कुल 09 दस्तावेजों को भी साक्ष्य के रूप में पेश किया गया। अभिलेख पर अभियोजन द्वारा प्रस्तुत की गई मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य तथा अंतिम तर्क के आधार पर माननीय विशेष न्यायाधीश द्वारा आरोपियों को आरोपित अपराध में दोषी मानते हुए सजायाबी का निर्णय सुनाया गया।

गाईडलाईन के अनुसार काम करने के दिए निर्देश

# 10 लाख या उससे अधिक के ट्रांजेक्शन पर निगरानी रखे बैंक : व्यय प्रेक्षक



**दमोह देशबन्धु।** सभी संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करना है। विधानसभा निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष एवं निर्विघन संपन्न कराना होगा। पहले से की जा रही कार्यवाही को बढाया जाये और डेली मॉनिटरिंग की जाए, बैंक इस बात का ध्यान रखें 10 लाख या उससे अधिक के ट्रांजेक्शन पर निगरानी रखी जाये, जनरल ट्रांजेक्शन होता रहता हैं इसके अलावा अचानक ट्रांजेक्शन में उछाल आये तो गाईडलाईन के अनुसार कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करते हुये इसकी जानकारी इन्कमटेक्स एवं निर्वाचन कार्यालय को प्रतिदिन दी जाये। यह बात विभागीय कार्यवाही सीजर,एल.ओ.आर. तथा बैकिंग के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के व्यय प्रेक्षक मनीष जे अजुदिया एवं व्यय प्रेक्षक दिनेश हरिराम द्वारा कही गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने की। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी एवं अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे। उन्होंने कहा आबकारी विभाग जो भी जप्ती कर रहा है यह जांच कर लें कि इलेक्शन से कनेक्शन तो नही है, शराब ठेके/दुकानों का अचानक ट्रांजेक्शन बढ़ा हो तो उसकी वीडियोग्राफी करायें एवं कार्यवाही करें। पुलिस विभाग चेक/नाके पर कैश के मामले में ज्यादा ध्यान रखे कि चौकिंग के दौरान कोई भी वाहन न छूटें। उन्होंने कहा बैठक में सेन्ट्रल जी.एस.टी. के नोडल अधिकारी एवं अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य रहे। पुलिस अधीक्षक तिवारी ने निर्देशित किया चैक पोस्ट के अलावा भी वाहनों को रोककर कार्यवाही करें एवं बड़े कैश के लिए ज्वाइंट कार्यवाही की जाये। आबकारी अधिकारी ने बताया अभी तक अवैध मदिरा के 68 प्रकरण बनाये गये हैं जिसमें 46 आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किये गये, साथ में 410.24 ली. मदिरा जप्त की गई जिसकी अनुमानित राशि 950475/- रूपये है।

# प्रियंका गांधी के आगमन के पूर्व तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**दमोह देशबन्धु।** कॉग्रेस कार्यालय दमोह मे कॉग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष कोमल अहिरवार के नेतृत्व मे दमोह शहर के सभी मंडल प्रभारियो एवं सेक्टरो अध्यक्षों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे आगामी 28 अक्टूबर को सुबह 10 बजे अखिल भारतीय राष्ट्रीय कॉग्रेस की महासचिव प्रियंका गाँधी एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का आगमन पर विशाल आम सभा को सफल बनाने विभिन्न निर्णय लिए गये। बैठक मे कोमल अहिरवार ने अपने अपने मंडलो, सेक्टरो एवं वार्डो से अधिक अधिक संख्या मे जनसमूह को दमोह के महाराणा प्रताप स्कूल के मैदान मे आयोजित आम सभा मे लाने की एवं कार्यक्रम सफल बनाने शहरवासियो से सहयोग की विनम्र अपील की। बैठक मे मुख्यरूप से आशीष पटेल, राजा रौतेले, अमर सिंह विक्रम सिंह, पप्पू कसौटीया, रफीक खान, मिक्की चंदेल, रमेश राठौर, संजय सेठ, हेमराज अहिरवार, जीशान पठान, अफजल खान, उवेद गौरी, शैलेन्द्र ठाकुर, फिरोज खान, पवन गुप्ता, फारुख खान वीरेश सेन उपस्थित रहे।

# करेंगे वोट बूथ जाकर गीत गाकर मतदाताओं को किया जागरूक



**दमोह देशबन्धु।** ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के प्राचार्य एवं सहायक स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. के.पी. अहिरवार के स्वरचित गीत महाविद्यालय के एनएसएस विद्यार्थी अंकित माधवी एण्ड ग्रुप द्वारा करेंगे वोट बूथ जाकर सुनो री बहनों सुनो रे भैया लय पर गीत को गाकर महाविद्यालय के पहली बार मतदान करने वाले नव मतदाता विद्यार्थियों सहित समस्त विद्यार्थियों को 17 नवंबर 2023 को अनिवार्य रूप से मतदान करने और सुबह घर से प्रात: 7 बजे निकलने के लिए जागरूक किया गया तथा उनसे अनिवार्य रूप से मतदान करने अपने परिवार जनों, मित्रों एवं नातेदारों को वोट करने के लिए जागरूक करने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान अंकित माधवी एण्ड ग्रुप द्वारा महाविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करते हुए सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिचवाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष अनिल कुमार यादव, एनएसएस जिला संगठन डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी, धीरज जॉनसन, सिकंदर दुलगछ सहित महाविद्यालय के अधिकारीगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सांप को बचाने के चक्कर में कार पुल के नीचे उतरी, कोई हताहत नहीं

दमोह देशबन्धु। जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत परासई गांव के समीप गौरैया नदी के पुल से नीचे एक फोर्ड इको स्पोर्ट्स गाडी उतर जाने का घटनाक्रम सामने आया है, हालांकि गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार जबलपुर की ओर से दमोह आ रही लाल कलर की फोर्ड ईकोस्पोर्ट गाडी क्रमांक एमपी 15 जेडी 6924 के सामने गौरैया नदी के पुल पर अचानक बड़ा सांप आ गया जिसे बचाने के चक्कर में गाडी अनियंत्रित हो गई और पुल के नीचे जा गिरी गनीमत रही की गाड़ी में सवार किसी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई सभी सुरक्षित हैं। तेजगढ़ पुलिस को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय मौके पर पहुंचे और गाड़ी को बोलेरो की सहायता से निकाल लिया गया है।

## महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय वेबीनार का किया आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय वेबीनार का विषय था राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं उच्च शिक्षा का स्वरूप । यह राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं वेबीनार के संरक्षक डॉ. पी.एल. जैन के मार्गदर्शन में कया गया। राष्ट्रीय वेबीनार के मुख्य संरक्षक डॉ. जी.पी. चौधरी अतिरिक्त संचालक सागर संभाग रहे। राष्ट्रीय वेबीनार के मुख्य वक्ता डॉ. अखिलेश तिवारी सहायक प्राध्यापक फार्मेसी विभाग इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल विश्वविद्यालय अमरकंटक ने प्राचीन भारतीय विज्ञान एवं डॉ. नीरज उपाध्याय सहायक प्राध्यापक रसायन विज्ञान डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर ने भाषा की स्वतंत्रता पर अपने विचार व्यक्त किये। राष्ट्रीय वेबीनार के समन्वयक डॉ. बृजेंद्र सिंह कुसमरिया एवं सह संयोजक डॉ. राधा ताम्रकार, डॉ. असलम खान, डॉ. आराधना श्रीवास रहे। राष्ट्रीय वेबीनार में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एन.पी. नायक एवं आइ.क्यू.ए.सी. अधिकारी डॉ. अरुणा एम. जैन की उपस्थिति रही। आयोजन समिति सदस्य डॉ. डी.के. नेमा, डॉ. प्रणव मिश्रा, श्री दीपक कुमार सैनी रहे। वेबीनार के अंत में डॉ. बृजेंद्र सिंह कुसमरिया द्वारा आभार प्रदर्शित किया गया। राष्ट्रीय वेबीनार में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता रही।

# घटिया निर्माण के चलते उपभोक्ता फोरम ने गृह निर्माण मंडल के विरुद्ध आदेश पारित किया

**दमोह देशबन्धु।** मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल द्वारा मकान की घटिया निर्माण सहित अन्य कमियों को लेकर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग में पेश किए गए परिवाद को संज्ञान में लेते हुए आयोग ने गृह निर्माण मंडल के खिलाफ आदेश पारित किया है तद संदर्भ में परिवादी के अधिवक्ता अजय बाजपेई ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवादी दीपक अहिरवार ने अटल आश्रय योजना के अंतर्गत दमयंती पुरम में एक मकान 5 लाख 85 हजार रुपये में क्रय किया था। मकान आवंटन के पूर्व परिवादी ने घटिया निर्माण एवं निर्माण संबंधी कई त्रुटियां-मुख्य रूप से सीलिंग में बरसात का पानी भरना, दरवाज़े में कुनदे न लगे होना, लाइट के बोर्ड में बटन ना लगे होना, सही ढंग से पुताई नहीं होना टॉयलेट में दरवाजे नहीं लगा होना, नल फिटिंग एवं कनेक्शन कंप्लीट ना होना, दीवारों से रेत गिरना, मकान के अंदर एवं बाहर कचरा का ढेर लगा होना, चौखट खिड़कियों में पेंट ना होना, खिड़की चौखट में कांच नहीं एवं टॉयलेट बाथरूम के टाइल्स टूटे हुए होना इत्यादि पायीं थी। जिसकी शिकायत परिवादी ने मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल के सक्षम अधिकारियों के समक्ष की थी। परंतु सक्षम अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे व्यथित होकर परिवादी ने अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग दमोह के समक्ष परिवार प्रस्तुत किया। जवाब में मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल द्वारा व्यक्त किया की विप दलों पर भवन उपलब्ध कराया गया है एवं परिवादी आधिपत्य ले चुका है। इस कारण से आवेदन पोषणीय नहीं है तथा कॉविड-19 महामारी के समय असामाजिक तत्वों ने भवन को क्षति पहुंचाई थी। परंतु आयोग मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल के इन तथ्यों से सहमत नहीं हुआ। यह आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिए आवास बनाए गए हैं ऐसी स्थिति में अनावेदक का वैधानिक और नैतिक उत्तर दायित्व कार्यालय के कर्तव्यों की आचार संहिता यह होती है कि प्रत्येक खरीददार को उचित गुणवत्ता का साफसुथरा मकान दिया जाए और अनावेदक गण इसमें असफल रहे हैं जो की सेवा में कमी है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग दमोह ने आदेशित किया कि दो माह के भीतर ड्राइंग और विशेषता के अनुरूप त्रुटि निर्माण को दुरुस्त किया जाकर परिवादी को विस्तृत निरीक्षण रिपोर्ट सहित मकान पुन: सुपुर्द किया जाए एवं परिवादी मरम्मत हेतु रिक्त आधिपत्य प्रदान करें एवं मरम्मत ना करने के ऐवज में 80000 मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल अदा करेगा। साथ में 2 माह का मासिक किराया 5000, सेवा की कमी की हेतु 15000 एवं वाद व्यय के लिए में 3000 देने का आदेश पारित किया है।

# भाजपा का नगर कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न




**दमोह देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल नगर मंडल एवं दमयंती मंडल का संयुक्त कार्यकर्ता नगर सम्मेलन का आयोजन स्थानीय किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यकर्ता सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के मंत्री एवं दमोह के प्रभारी, कपिल देव, प्रभारी सतानंद गौतम, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, भाजपा दमोह विधानसभा प्रत्याशी जयंत मलैया, पूर्व जिलाध्यक्ष बिहारीलाल गौतम, राजेंद्र सिंघई महामंत्री रामेश्वर चौधरी, पूर्व मंत्री दशरथ सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज, संजय सेन मंचासीन रहे।

प्रीतम सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में विगत 18 वर्षों में अनेक विकास कार्य हुए हमारे दमोह में भी पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया के कार्यकाल में जल परियोजनाएं, सड़कों का निर्माण, घर घर नल, जैसे जनकल्याणकारी कार्य हुए, कोई भी सामान्य व्यक्ति जयंत मलैया के पास कोई काम लेकर जाता था खाली हाथ नहीं लौटता है।

जयंत मलैया ने कहा कि मैं मध्यप्रदेश में हुए विकास कार्यों की बात करूंगा, जब प्रदेश में कॉंग्रेस के दिग्विजय सिंह की सरकार थी तो प्रदेश की जनता सड़क बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं से भी वंचित थी, भाजपा सरकार ने प्रदेश को बीमारू राज्य से विकसित राज्यों की श्रेणी में आगे लाया। आप सभी कॉंग्रेस और भाजपा सरकार की तुलना करेंगे तो आप भाजपा को ही बेहतर पायेगे। मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष संजय सेन ने किया।

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने हिंडोरिया, हटा सहित अन्य मतदान केंद्रों तथा चेक पोस्ट पहुंचे लिया जायजा

**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल हिंडोरिया पहुंचे। उन्होंने यहां पर मतदान केंद्रों का जायजा लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी विशेष रूप से साथ में मौजूद रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने मतदान केंद्रों का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यहां से पटेरा और अन्य स्थानों का भ्रमण करते हुए जिले की बॉर्डर पर स्थित पन्ना जिले की सीमा से लगे गांव स्थापित चेक पोस्ट का निरीक्षण किया और तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों से चर्चा की, जानकारी ली और इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यहां से हटा की ओर निकले। हटा पहुंचकर शहर का भ्रमण किया और यहां स्थापित नाका का निरीक्षण कर अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर हटा एसडीएम रीता डहेरिया, एसडीओ पुलिस सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जादू नहीं विज्ञान है प्रदर्शनी का जिला स्तरीय आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में जादू नहीं विज्ञान है समझना, समझाना आसान है, विषय पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीपीसी मुकेश द्विवेदी एवं कन्या अभाना के प्राचार्य डॉ आलोक सोनवलकर ने रिबिन काटकर किया। जिला स्तरीय आयोजन में समस्त विकासखंडों के प्रतिभागी एवं उनके मार्गदर्शी शिक्षक शामिल हुए। विद्यार्थियों ने अंधविश्वासों को दूर भगाने के उद्देश्य से अपने प्रयोगों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में विकासखंड स्तर से चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनसंपर्क अधिकारी वाय.ए. कुरैशी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा आप अपने पड़ोस एवं गांव में जो प्रयोग आज किए एवं देखे हैं आमजन को बताये। जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा ने कार्यक्रम के संबंध में शासन के उद्देश्य की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि समाज में धीरे-धीरे जागरूकता आ रही है तथा इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों के माध्यम से उनके माता-पिता भी जागरूक हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला विज्ञान अधिकारी मोहन राय ने किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक एस.के. असाटी, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस.एल. अहिरवाल, डीबीसी तमशील कुरैशी, आदित्य चौरसिया, कमलेश सेन, प्रेमलता उपाध्याय, जे.ए.स अहिरवार, विवेक जैन, आभा लता असाटी, अनीता प्रसाद सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं मार्गदर्शी शिक्षक मौजूद रहे।

# रामबाई ने नामांकन दाखिल किया



**दमोह देशबन्धु।** 54 पथरिया से बसपा रामबाई सिंह ने रिटर्निंग ऑफिसर पथरिया एमके चौरसिया के समक्ष नामांकन दाखिल किया।

## चौथे दिवस 9 नामांकन दाखिल

**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 नाम निर्देशन की प्रक्रिया तहत अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र अपने-अपने क्षेत्र के रिटर्निंग आफीसर के समक्ष प्रस्तुत किये जा रहे हैं। इसी के तहत आज 26 अक्टूबर को चौथे दिवस 09 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये । अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने बताया विधानसभा क्षेत्र विधानसभा क्षेत्र 54- पथरिया से अभ्यर्थी गंगाराम ने निर्दलीय, अभ्यर्थी बृजेन्द्र सिंह ठाकुर ने इंडियन नेशनल कांग्रेस, अभ्यर्थी रामबाई ने बहुजन समाज पार्टी से अपना नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया। विधानसभा क्षेत्र 55-दमोह से अभ्यर्थी अवधेश प्रताप सिंह ने निर्दलीय, अभ्यर्थी प्रताप रोहित ने बहुजन समाज पार्टी से अपना नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया। विधानसभा क्षेत्र 56- जबेरा से अभ्यर्थी धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने भारतीय जनता पार्टी से एवं अभ्यर्थी प्रताप सिंह ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस से नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया। विधानसभा क्षेत्र 57- हटा (अ.जा.) से अभ्यर्थी उमादेवी खटीक ने भारतीय जनता पार्टी से एवं भगवानदास चौधरी ने बहुजन समाज पार्टी से नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया ।

# वन स्टॉप सेंटर में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**दमोह देशबन्धु।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह रेणुका कंचन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर दमोह में महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त करने हेतु विधिक जानकारी एवं पॉक्सो एक्ट, एसिड अटैक, पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें तृतीय अपर जिला न्यायाधीश महिमा कछवाहा, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, वन स्टॉप सेंटर से अंजु सिंह, मनीषा सोनी, शिवा चौहान, साधना कुसम्हा सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। तृतीय अपर जिला न्यायाधीश महिमा कछवाहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं के साथ घर के अंदर होने वाली हिंसा से बचाव के लिए घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम निर्मित किया गया है, जिसके अंतर्गत महिलाओं को घर के अंदर शारीरिक, मानसिक, मौखिक, भावनात्मक एवं आर्थिक हिंसा से संरक्षण प्रदान किया गया है। उन्होने महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध में किये गये दण्डविधि में संशोधन के विषय पर जानकारी दी और कहा कि ऐसे अपराधों का पुलिस एवं जिम्मेदार अधिकारी के संज्ञान में लाना आवश्यक है, तभी महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने दहेज अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, माता-पिता की सम्पत्ति में अधिकार विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने नालसा ऐसिड अटैक से पीड़ितों के लिये विधिक सहायता योजना एवं नि:शुल्क विधिक सहायता विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि महिला, बच्चे एवं जो व्यक्ति एस.सी./एस.टी. श्रेणी के अंतर्गत आते हैं, उनको नि:शुल्क अधिवक्ता प्रदान किया जाता है जिससे वे अपने हक की कानूनी लड़ाई आसानी से लड़ सकें। इसके साथ ही भरण-पोषण, मीडियेशन, परिवार विवाद समाधान केन्द्र, पीड़ित प्रतिकर योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही दिनांक 09 दिसम्बर 2023 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों एवं उसके लाभ के विषय में अवगत कराया।

# कुंडलपुर में कल आचार्य विद्यासागर महाराज का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा

दमोह देशबन्धु। सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 78 वां अवतरण दिवस 28 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा ।इस अवसर पर भक्तांमर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन ,विधान होगा. पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की पूजन होगी। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण किया जाएगा सायंकाल भक्तांमर दीप आराधना एवं पूज्य बड़े बाबा की महाआरती, 78 दीपों से पूज्य आचार्य श्री की महाआरती होगी. कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी ने भक्त श्रद्धालुओं से कुंडलपुर पधारकर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है।

# जिले नामांकन के चौथे दिन 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किये


देवरी से भाजपा प्रत्याशी बृजबिहारी पटेरिया ने जमा किया नामांकन।


नरयावली से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप लारिया ने जमा किया नामांकन।


बीना से कांग्रेस प्रत्याशी निर्मला सप्रे ने जमा किया नामांकन।


सुरखी से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने जमा किया नामांकन।


खुरई से कांग्रेस प्रत्याशी रक्षा राजपूत ने जमा किया नामांकन।

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के तहत जिले में गुरुवार को चौथे दिन बारह अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए। जिले में अब तक 27 नाम निर्देशन पत्र जमा किए जा चुके हैं। सागर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी उमेश यादव ने रिटर्निंग अधिकारी शैलेंद्र सिंह के समक्ष नाम निर्देशन पत्र जमा किया। देवरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशी बृजबिहारी पटेरिया एवं निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश रजक ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। जबकि इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी हर्ष यादव ने रिटर्निंग अधिकारी गगन बिसेन के समक्ष दूसरी बार अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया। सुरखी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी नीरज शर्मा और निर्दलीय अभ्यर्थी जाकिर अली ने रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नाम निर्देशन पत्र जमा किये। इसी प्रकार बीना विधानसभा निवार्चन क्षेत्र से इंडियन नेशनल कांग्रेस की निर्मला सप्रे ने अपना नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह के समक्ष जमा किया। खुरई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडियन नेशनल कांग्रेस की रक्षा सिंह ने अपना नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी रवीश श्रीवास्तव के समक्ष जमा किया। नरयावली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप लारिया ने रिटर्निंग अधिकारी विजय डहेरिया के समक्ष नाम निर्देशन पत्र जमा किया। रहली में कोई भी नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं हुआ। बंडा विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रंजोर सिंह बुंदेला, आम आदमी पार्टी के सुधीर यादव, निर्दलीय प्रत्याशी भगवान दास यादव द्वारा रिटर्निंग अधिकारी संदीप सिंह परिहार के समक्ष नाम निर्देशन पत्र जमा किया।


सागर से निर्दलीय प्रत्याशी उमेश यादव ने जमा किया नामांकन।

# चोरों ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सात मकानों को बनाया निशाना





**खुरई, देशबन्धु।** जेल रोड स्थित साहू कॉलोनी में एक साथ चोरों ने छह सूने घरों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने की कोशिश की। लेकिन चोर केवल एक ही घर में चोरी कर सके। इसके अलावा तोड़ाकाछी गांव में भी एक सूने घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। खुरई के जेल रोड स्थित भगवानदास चंदेल वार्ड की साहू कॉलोनी इन दिनों चोरों के निशाने पर हैं। सितंबर माह में जहां चोरों ने दो बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। इन चोरियों का अब तक कोई सुराग भी नहीं मिल पाया और करीब दो महीने के बाद इसी कॉलोनी में नवरात्रि की अष्टमी और नवमी की पूजा करने गांव गये पांच लोगों के सूने घरों का ताला तोड़ा गया लेकिन घर में कुछ नहीं मिलने पर चोर खाली हाथ ही लौट गए, लेकिन कॉलोनी के एक घर में चोरों ने करीब 20 हजार रुपए की चोरी कर ली जबकि घर के सदस्य घर के ऊपर बने कमरों में सोते रहे। जानकारी के मुताबिक पूजा पति कृष्ण गोपाल कुर्मी अपने गांव सुनेटी गई हुई थी। इसी तरह सुरेंद्र लोधी अपने गांव पूजा करने के लिए टीहर गांव गए हुए थे। बुंदेल कुशवाहा भी अपने गांव गौडखेड़ी गए हुए हैं, इनके घर का भी ताला टूटा हुआ मिला है। यह अभी भी अपने गांव में है पड़ोसी ने फिलहाल अभी घर में दूसरा ताला लगा दिया है। रीना कुशवाहा भी अपने गांव निवोदिया गई हुई थी वापस लौटने पर घर का ताला टूटा हुआ मिला है, लेकिन घर से कोई सामान चोरी नहीं हुआ है। इसी के साथ गोलू कुर्मी भी पूजा करने के लिए अपने गांव मेनवाड़ा गए हैं। इनके भी घर का ताला टूटा हुआ मिला। अभी पड़ोसी ने फिलहाल दूसरा ताला लगा दिया है। सभी के घरों का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। खुरई के साहू कॉलोनी में ही रहने वाली अंगूरी पति रामप्रसाद सेन ने बताया कि वह अपने घर के ऊपर वाले कमरे में सो रही थी। घर के चारों सदस्य ऊपर वाले कमरे में ही सोते हैं। नीचे के कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने डिब्बे में रखे रुपए सहित पति के पर्स से करीब 20 हजार रुपए नगदी चोरी कर लिए। घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। इसके बाद थाने पहुंचकर आवेदन दिया है। खुरई देहात थाना क्षेत्र के तोड़ाकाछी गांव निवासी कुसुमरानी पति अनंते धानक ने बताया कि उसके तीन लड़के हैं, जो इंदौर में मजदूरी का काम करते हैं। वह अपने बेटे के घर इंदौर गई हुई थी। गांव से सूचना मिली कि आपके घर पर चोरी हो गई है इसके बाद वह गांव पहुंची तो घर का पूरा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। घर में रखी पेटी में से 9 हजार 700 रुपए चोरी चले गए इसके अलावा चांदी की पायल भी चोरी चली गई हैं। देहात थाना पहुंचकर शिकायत की है। खुरई नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं में काफी बढ़ोतरी हुई है। जहां चोर मंदिर से लेकर सूने घरों को अपना निशाना बना रहे हैं। चोरी की घटनाओं की वजह से आम लोग काफी दहशत में हैं। लोग अपना मकान भी छोड़कर कही जाने से अब कतराने लगे हैं। पिछले दिनों हुई चोरियों का अब तक पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

## जब दिव्यांग मतदाता जागरूकता के लिए दौड़े तब सैकड़ों बच्चों ने तालियां बजाकर किया उनका उत्साहवर्धन



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी पीसी शर्मा के मार्गदर्शन में दिव्यांग मतदाताओं ने 20 मीटर की मिनी दौड़ में भाग लिया। जिला स्वीप समन्वयक डॉ. अमर कुमार जैन ने बताया की खेल परिसर में आयोजित इस मिनी दौड़ में जब दिव्यांगो ने मतदाता जागरूकता दौड़ में हिस्सा लिया तब बच्चों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह वर्धन किया। मिनी दौड़ प्रतियोगिता में रोमी जैन को प्रथम, सत्येश शुक्ला को द्वितीय एवं मूवीन मकरानी तथा राहुल सेन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस दौड़ का आयोजन डॉ. इनाम खान अध्यक्ष पैरा ओलंपिक के तत्वाधान में आयोजित हुआ। जिला खेल अधिकारी प्रदीप अबिद्रा ने कहा कि यह दिव्यांग प्रतीकात्मक रूप से इस प्रतियोगिता के माध्यम से सभी मतदाताओं से अपील कर रहे हैं कि वह आगामी 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में मतदान करें। इस अवसर पर सीमा चक्रवर्ती, उमेश चंद्र मौर्य, नफीस खान, मिथिलेश यादव, रामबाबू विश्वकर्मा ने सहयोग किया।

## मतदान दिवस पर श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देने के आदेश

**सागर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विधानसभा निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार आगामी 17 नवंबर को मतदान किया जाएगा। मतदान दिवस पर अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने जिले की सीमा में स्थित समस्त कारोबार, व्यवसाय औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति जो मतदाता के रूप में मतदान करने का हकदार है, उन्हें मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के आदेश दिए है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने दैनिक मजदूर तथा आकस्मिक श्रमिकों को भी मतदान के दिन अवकाश और मजदूरी प्रदान करने के आदेश दिए है। सवैतनिक अवकाश का लाभ जिले की सीमा अन्तर्गत पड़ोसी जिलों की दुकानों, फैक्ट्रियों, आफिस आदि में कार्य करने वाले श्रमिकों को भी प्राप्त होगा। सभी दुकानों, फैक्ट्रियों, निजी, शासकीय आफिस के संचालक आदेश का पालन सुनिश्चित करें।

## शहरी क्षेत्र में नियम विरूद्ध संचालित वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही



**सागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुनील कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रवर्तन अमले के साथ निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार जिन वाहनों में विभिन्न दलों के पदाधिकारियों द्वारा अनाधिकृत रूप से हूटर, सायरन, सर्च लाईट एवं नेम प्लेट का उपयोग किया जा रहा है, उनके विरूद्ध कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गये है। उक्त निर्देश के पालन में 26 अक्टूबर को बम्होरी तिराहा, मकरोनिया एवं शहरी क्षेत्र में लगभग 92 वाहनों को चैक किया गया। जिनमें से 115 वाहनों में वाहन से संबंधित दस्तावेज मौके पर नही पाये गये एवं अन्य कमियां पाये जाने पर उक्त 46 वाहनों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही कर 32,000 रुपए जुर्माना वसूल कर छोड़ा गया। यह कार्यवाही प्रात: 10 बजे से सायंकाल तक जारी रही। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने समस्त वाहनस्वामियों को हिदायत दी है कि अपने वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेजों को अनिवार्य रूप से साथ में रखे।

**46 वाहनों से 32000 रुपए जुर्माना वसूला**

## अरविंद सिंह ठाकुर का चयन फिलिपींस में होने वाली एथलेटिक चैम्पियनशिप के लिए हुआ

**सागर, देशबन्धु।** स्टेट मास्टर एथलेटिक एशोसिएशन द्वारा जेल पहरी अरविंद सिंह ठाकुर सब जेल बेगमगंज पाबंद जेल प्रशिक्षण केन्द्र सागर का चयन न्यू क्लार्क सिटी फिलिपींस में 8 नवंबर से 12 नवंबर तक आयोजित 22वीं एशियन मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप मीट में 1500 मीटर एवं 800 मीटर रनिंग इंवेट के लिए हुआ है। पूर्व में भी अरविंद सिंह ठाकुर द्वारा 42 वें राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप चेन्नई तमिलनाडु वर्ष 2022 में 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौंड़ प्रतियोगिता में 02 सिल्वर मेडल एवं कोलकत्ता पश्चिम बंगाल में आयोजित 43 वें राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप वर्ष.2023 में 400 मीटर की दौंड प्रतियोगिता में ब्रांज मैडल एवं 800 मीटर रेस में गोल्ड मैडल प्राप्त किया है। अरविंद सिंह ठाकुर, भारतीय सेना में 8 वर्ष सेवाएं दे चुके है। सब जेल बेगमगंज में कार्यरत रहने के दौरान उन्होंने युवाओं को पुलिस, आर्मी, वनरक्षक, जेलप्रहरी आदि की परीक्षाओं हेतु नि:शुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया। वर्तमान में जेल प्रशिक्षण केन्द्र में पाबंद होने से उक्त प्रहरी द्वारा लगातार प्रशिक्षणरत प्रहरियों को शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अरविंद सिंह ठाकुर का चयन न्यू क्लार्क सिटी, फिलिपींस 22वीं एशियन मास्टर्स एथलेटिक प्रतियोगिता में होने पर महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं जेल मुख्यालय एवं दिनेश कुमार नरगावे, अधीक्षक केन्द्रीय जेल ने शानदार सफलता प्राप्त करने के लिये शुभकामनाएं देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# 5 शासकीय सेवक निलंबित

### चुनाव प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी समेत पांच पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के प्रशिक्षण में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने पांच शासकीय सेवको को निलंबित किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन को संपन्न करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार जिले के समस्त शासकीय सेवकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में जिले में अब तक दो प्रशिक्षण आयोजित किए गए, जिसमें पहला प्रशिक्षण सभी के लिए आयोजित किया गया था। जो पहले प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए गए थे, उनको विशेष अवसर देते हुए 8 अक्टूबर को पुनः प्रशिक्षण आयोजित किया गया। विशेष प्रशिक्षण में पांच शासकीय सेवक अनुपस्थित पाए गए, जिनको तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। प्रशिक्षण में सूचना के उपरांत अनधिकृत रूप से अनुपस्थित दिलीप सिंह नरवरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहोरा विकासखंड राहतगढ़, संजय रावत प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला अदा विकासखंड सागर, अनिरुद्ध सिंह संविदा शाला शिक्षक श्रेणी 3 शासकीय प्राथमिक शाला परसोरा विकासखंड बीना, वीरेंद्र कुमार वर्मा लेखा अधिकारी मप्र वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन सागर एवं अजय कुमार केशरवानी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राहतगढ़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी निलंबित शासकीय सेवकों को निलंबन अवधि में अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। निलंबन अवधि में सभी का मुख्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय सागर रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत आगामी समय में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में जो भी शासकीय सेवक अनुपस्थित रहेगा उन पर भी तत्काल निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन शासकीय सेवकों का नाम प्रशिक्षण में आता है वे आवश्यक रूप से प्रशिक्षण में उपस्थित होकर अपनी अनुपस्थिति का कारण लिखित में प्रस्तुत करेंगे।

## अंग्रेजी शराब के साथ इको स्पोर्टस कार पुलिस की गिरफ्त में



**मालथौन, देशबन्धु।** एमपी यूपी बॉर्डर पर चैकिंग के दौरान पुलिस ने इको स्पोर्ट कार से बीस हजार कीमत की अंग्रेजी शराब पकड़ी। जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिपेक्ष्य में अंतर्राज्यीय नाकों पर वाहन चैकिंग करने के निर्देश दिये गये थे, अति. पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी खुरई के निर्देशन में मालथौन पुलिस द्वारा गुरुवार को ग्वालियर तरफ से आ रही इको स्पोर्टस कार क्र. एमएच 35 एजी 2943 को रोककर बारीकी से चैकिंग की गई जो कार की डिग्गी में एक कार्टून में 8 बोतल अंग्रेजी शराब जिसमें 1 बोतल इंद्री कंपनी की 1 बोतल रामपुर कंपनी की, 1 बोतल मंकी शोल्डर कंपनी की 1 बोतल लोन्गीट्यूड 77 कंपनी की एवं 4 बोतल बेलेनटाइनिस कंपनी की अंग्रेजी शराब पाई गई प्रत्येक शराब बोतल में 750 एमएल अंग्रेजी शराब कुल शराब मात्रा 6 लीटर कीमती 19,600 रुपए की रखे होना पाई गई जो शराब रखने के संबंध में लायसेंस चाहा गया जो न होना बताया व अपना नाम मधुर स्थिर कुमार पिता स्थिर कुमार मेश्राम उम्र 39 साल नि बीएसएनएल टॉवर, गजानन कॉलोनी, मनोहर भाई वार्ड, रिंग रोड गोदिया थाना गोदिया सिटी, जिला गोदिया, महाराष्ट्र का होना बताया। आरोपी की कार से अंग्रेजी अवैध शराब 6 लीटर कीमती 19600 एवं इको स्पोर्टस कार क्र. एमएच 35 एजी 2943 कीमत करीब 8 लाख रूपये की जप्तकर कब्जा मे लेकर पुलिस ने थाना वापसी पर अपराध क्रमांक 428/2023 धारा 34 (1) आबकारी एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया। अवैध अंग्रेजी शराब जप्ती कार्यवाही में निरीक्षक योगेन्द्र सिंह दांगी, उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह लोधी चौकी प्रभारी अटा, सचिन यादव, गजेन्द्र पालिया, स्वदेश परिहार का योगदान रहा।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम, मतगणना और सामग्री वितरण स्थल का किया निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम, मतगणना एवं सामग्री वितरण स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने गुरुवार को विधानसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सागर में बनाए गए स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल एवं मतदान सामग्री वितरण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करते हुए कार्य किया जावे। 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे एवं पुलिस बल के साथ निगरानी की जाये। कलेक्टर ने कहा कि जिले की 8 विधानसभा क्षेत्रों की सामग्री का वितरण शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर से किया जाना है। सामग्री इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में ही जमा होगी। जिसके लिए उन्होंने निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम परिसर के चारों तरफ दो-दो विधानसभा क्षेत्रवार सामग्री वितरण एवं जमा करने की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे। बड़े-बड़े साइन बोर्ड लगाएं, जिससे कि मतदान दल को आने जाने एवं सामग्री प्राप्त तथा जमा करने में असुविधा का सामना न करना पड़े। इसी प्रकार सामग्री वितरण एवं जमा करने के स्थल के समीप अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रवार बसों एवं अन्य वाहनों की पार्किंग सुनिश्चित की जावे। साथ में पार्किंग स्थल पर सीसीटीवी कैमरे एवं पुलिस बल तैनात रहे, जिससे मतदान दल अधिकारी कर्मचारी के वाहन सुरक्षित रहे। पार्किंग स्थल पर शौचालय, पेयजल की व्यवस्था भी रखी जावे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम परिसर के आसपास चाय, पानी, भोजन, नाश्ता की व्यवस्था हेतु दुकानदारों के लिए टोकन सिस्टम से जगह आरक्षित करें। वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था भी अलग से सुनिश्चित की जाये। समस्त विधानसभा क्षेत्र की सामग्री वितरण एवं जमा स्थल पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित रखें। जब सामग्री जमा होती है तो उस समय रात में मतदान दलों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की जावे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।